संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 246 मंगलवार 08 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




# भारत विश्व का चौथा सबसे समानता वाला देश बना

## अमेरिका और चीन को पीछे छोड़ा...

**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025(ए)।** विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भारत ने आय समानता के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और यह विश्व का चौथा सबसे समान देश बन गया है। भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है,जो इसे स्लोवाक गणराज्य,स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद चौथे स्थान पर रखता है।यह स्कोर भारत को चीन (35.7), संयुक्त राज्य अमेरिका (41.8) और सभी G7 व G20 देशों से आगे रखता है। विश्व बैंक की स्प्रिंग 2025 पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ में भारत की इस उपलब्धि को हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है।




### क्या होता है गिनी इंडेक्स

गिनी इंडेक्स आय,संपत्ति या खपत के वितरण की समानता को मापता है,जहां 0 पूर्ण समानता और 100 पूर्ण असमानता को दर्शाता है। विश्व बैंक के डेटा के अनुसार,भारत 2011 में 28.8 के गिनी इंडेक्स से 2022 तक 25.5 तक पहुंचा, जो सामाजिक और आर्थिक समानता में निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

एक दशक में 17.1 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में पिछले एक दशक में 17.1 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। 2011-12 में 16.2त्न आबादी 2.15 प्रति दिन से कम पर जी रही थी,जो 2022-23 तक घटकर मात्र 2.3त्न रह गई। सरकार ने इस उपलब्धि का श्रेय पिछले दशक में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं को दिया है।

### डेटा में 167 देश शामिल

विश्व बैंक के डेटा में 167 देशों को शामिल किया गया, जिसमें भारत मध्यम निम्न असमानता श्रेणी में आता है, जहां गिनी स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। भारत निम्न असमानता समूह में शामिल होने से केवल कुछ ही कदम दूर है। वैश्विक स्तर पर,केवल 30 देश इस श्रेणी में हैं,जिनमें आइसलैंड, नॉर्वे,फिनलैंड और बेल्जियम जैसे मजबूत कल्याणकारी प्रणाली वाले यूरोपीय देश शामिल हैं।

### भारत का समावेशी विकास मॉडल दुनिया के लिए माइलस्टोन

विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, भारत का समावेशी विकास मॉडल अन्य विकासशील देशों के लिए एक उदाहरण है। यह दर्शाता है कि आर्थिक सुधारों और सामाजिक सुरक्षा का संतुलन समानता और विकास को एक साथ बढ़ा सकता है। यह उपलब्धि भारत की आर्थिक वृद्धि को सामाजिक समानता के साथ जोड़ने की क्षमता को रेखांकित करती है, जो इसे विश्व स्तर पर एक अनूठा मॉडल बनाता है।

## प्रमुख योजनाओं का योगदान

1.पीएम जन धन योजना: 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोलकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया।
2.आधार: 142 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल पहचान प्रदान कर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की डिलीवरी को कुशल बनाया, जिससे मार्च 2023 तक 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई।
3.आयुष्मान भारत: 41 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए, जो प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है।
4.स्टैंड-अप इंडिया और पीएम विश्वकर्मा योजना: इन योजनाओं ने उद्यमिता और कौशल विकास के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाया।

## महत्वपूर्ण खबर

### ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फाइटर पायलट का चौंकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025(ए)।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को ऐसा चकमा दिया कि उसकी सारी पोल खुल गई. इस ऑपरेशन ने भारतीय वायुसेना की उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध रणनीतियों को दुनिया के सामने ला दिया। पूर्व अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल और एफ-16 थंडरबर्ड पायलट रयान बोडेनहाइमर ने आईएएफकी रणनीतियों को अब तक का सबसे बेहतरीन स्पूफिंग और डिसेप्शन (भ्रम और धोखा) बताया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय राफेल जेट के एक्स-गार्ड जैमिंग डिकॉय और इस्पेक्ट्रा ईडब्ल्यू सूट को दिया, जिसने पाक की पीएल-15ई मिसाइलों को धोखा दिया।

### तहव्वुर राणा ने कहा-मैं पाकिस्तान सेना का एजेंट था



**मुंबई,07 जुलाई 2025(ए)।** 26/11 मुंबई हमले का मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच के सामने कई सनसनीखेज बातें कबूल की हैं। उसने बताया कि वह पाकिस्तानी सेना का भरोसेमंद एजेंट था और 2008 के 26/11 हमलों के वक्त मुंबई में ही मौजूद था। राणा ने यह भी स्वीकार किया कि उसका दोस्त डेविड हेडली लश्कर-ए-तैयबा के लिए कई बार ट्रेनिंग ले चुका था।

### आतंकी हैप्पी पासिया को अमेरिका से लाया जाएगा भारत

#### 14 से ज्यादा आतंकी वारदातों में शामिल

**नई दिल्ली/चंडीगढ़ ,07 जुलाई 2025(ए)।** पंजाब में सिलसिलेवार आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार कुख्यात गैंगस्टर और खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासिया को अमेरिका से भारत लाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है उसे जल्द ही भारत लाया जाएगा।




# आज केरल में मुश्किल से मिलेंगी प्राइवेट बस

## बस मालिक संघ की संयुक्त समिति ने किया हड़ताल का ऐलान...



**त्रिवेन्द्रम,07 जुलाई 2025(ए)।** केरल में मंगलवार,8 जुलाई को प्राइवेट बस से सफर करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यहां बस मालिक संघ की संयुक्त समिति ने हड़ताल का ऐलान किया है। समिति ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं निकलता है तो वह सभी बस मालिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

बस मालिकों के संघों की संयुक्त समिति के सदस्यों ने परिवहन आयुक्त के साथ बातचीत की थी। इस बातचीत में कोई समाधान नहीं निकला। बातचीत विफल होने के बाद हड़ताल का ऐलान किया गया है और समाधान नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

### क्यों हड़ताल पर गए बस ऑपरेटर ?

बस ऑपरेटर कई मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं। इन मांगों में कई नियमों को वापस लेना भी शामिल है, जो सरकार की तरफ से सफर को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए बनाए गए हैं,लेकिन उन नियमों का पालन करने में बस मालिकों को परेशानी हो रही है। इनमें परमिट का समय पर नवीनीकरण,छात्र रियायती किराए में वृद्धि,श्रमिकों के लिए अनिवार्य पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र की आवश्यकता को वापस लेना,ई-चालान सिस्टम के जरिए लगाए जाने वाले अत्यधिक जुर्माने को समाप्त करना, महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की स्थापना को अनिवार्य बनाना शामिल है। समिति के नेताओं ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर आगे की बातचीत के माध्यम से कोई समाधान नहीं निकलता है,तो वे अपने आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल देंगे।

### इन मुद्दों पर नाराज हैं बस ऑपरेटर

पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) की अनिवार्यता- मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) ने मई 2025 में एक नियम लागू किया, जिसके तहत निजी बसों के चालक दल (ड्राइवर,कंडक्टर,क्लीनर) के लिए पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट अनिवार्य है। इस नियम से बस उद्योग,जो लगभग 40,000 लोगों को रोजगार देता है,प्रभावित हुआ है। ऑपरेटरों और ट्रेड यूनियनों का आरोप है कि छोटे-मोटे मामलों, जैसे पारिवारिक विवाद या ट्रेड यूनियन प्रदर्शन में भागीदारी,के आधार पर भी पीसीसी देने से मना किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों की नियुक्ति और बस संचालन में बाधा आ रही है।




## अपराधियों की अब खैर नहीं

### दीवार के पार देखेगा 'रडार', बिना सामने आए दुश्मन का सफाया करेगा 'कॉर्नर शॉट' हथियार

**पटना,07 जुलाई 2025(ए)।** बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर विपक्ष के निशाने पर रही नीतीश कुमार सरकार ने अब पुलिस को आधुनिक और घातक हथियारों से लैस करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने राज्य की स्पेशल टास्क फोर्स के लिए 5 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है,जिससे ऐसे हाईटेक हथियार खरीदे जाएंगे जो जवानों के लिए सुरक्षित लेकिन अपराधियों के लिए काल साबित होंगे।

## सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के खिलाफ 'सेलेबी' की याचिका खारिज

**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025(ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक बड़ा फैसला लिया है। हाईकोर्ट ने तुर्की कंपनी सेलेबी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है। साचिका में सेलेबी ने बीसीएएस द्वारा अपनी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को चुनौती दी थी। बीसीएएस ने इस निर्णय का आधार राष्ट्रीय सुरक्षा बताया था। जस्टिस सचिन दत्ता ने 23 मई को मामले पर फैसला सुरक्षित रखने के बाद याचिका को अस्वीकार कर दिया है।




## आतंकवाद पर सुविधा नहीं,सिद्धांत चाहिए

**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 17 वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया और मंच से साफ संदेश दिया आतंकवाद पर अब दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा,पहलगाम में हुआ आतंकी हमला केवल भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर वार है। आतंक की निंदा सिद्धांत से होनी चाहिए।



## घर वाले कर रहे थे जिसके अंतिम संस्कार की तैयारी अचानक चलने लगी उसकी सांसें

**झांसी,07 जुलाई 2025(ए)।** यूपी के झांसी में 90 वर्षीय एक महिला की मौत की खबर मिलते ही घर में रिश्तेदारों और दोस्तों का आना शुरु हो गया. महिला को मृत मानकर परिजनों का रोना-धोना भी शुरू हो गया. लेकिन तभी अचानक उसकी सांसें चलने लगीं. वो आंख खोलकर बोलने लगी. ये देखकर आसपास मौजूद लोग घबरा हो गए. बाद में उन्होंने इसे 'चमत्कार' कहकर मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू कर दी दरअसल, सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम भोजला में रहने वाली 90 वर्षीय माया देवी अपने परिवार के साथ सालों से रहती आ रही हैं. उनके तीन बेटे है, जिसमें बड़ा बेटा बृज किशोर ग्रासलैंड से रिटायर्ड है. मझला बेटा रामगोपाल और छोटा बेटा राम किशन मजदूरी करता है. पूरे परिवार में लगभग 150 लोग हैं.





## हुगली जिले में मातम के साथ मना मुहर्रम

**हुगली ,07 जुलाई 2025(ए)।** श्रीरामपुर,चुंचुड़ा सहित हुगली जिले में मातम का पर्व मुहर्रम मनाया गया। मुहर्रम शांति के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम मनाया। इस मौके पर लोगों ने गाजे-बाजे व ताजिया के साथ जुलूस निकाला तथा हसन-हुसैन की कुर्बानी को याद किया। खिलाड़ियों ने लाठी, भाला आदि से खेल व करतब दिखाया। वहीं सड़कों पर निकाले गये अखाड़े में शामिल लोग हाय हसन-हाय हुसैन की आवाज लगाकर मातम मनाते रहें।

## सीबीआई करेगी संदेशखाली हिंसा की जांच




**कोलकाता,07 जुलाई 2025 (ए)।** संदेशखाली हिंसा देश भर की मीडिया की खुराक बनी थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने संदेशखाली में 2019 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप मंडल,देवदास मंडल और सुकांत मंडल की हत्या के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है और कथित तौर पर मुख्य आरोपी एंव तृणमूल कांग्रेस के नेता सहजान शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## भारत खरीदेगा 1.30 लाख करोड़ के 200 जहाज

**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025 (ए)।** दुनिया का बड़ा इंपोर्टर और एक्सपोर्टर बनने की राह पर चल रहे भारत ने अब समंदर में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए एक महा-योजना तैयार की है। सरकार ने 1.30 लाख करोड़ रुपए की लागत से 200 नए मालवाहक जहाज खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कदम का मकसद विदेशी जहाजों पर देश की निर्भरता को कम करना है।



## संपादकीय

### भावपूर्ण स्त्री के तौर पर ममता को कड़े कदम उठाने चाहिए...

कोलकाता के विधि महाविद्यालय प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित रूप से वरिष्ठ छात्रों द्वारा दुष्कर्म का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दक्षिण कोलकाता के इस परिसर में वह परीक्षा संबंधी प्रवेशपत्र भरने गई थी। मेडिकल जांच में सामूहिक रेप की पुष्टि होने के साथ ही एक सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार किया गया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार उसे जबरन यूनियन रूम में रोका गया और पूर्व छात्र व आपराधिक मामलों के वकील ने रेप किया।दो अन्य छात्रों ने घटना का वीडियो भी बनाया। शिकायतकर्ता ने बताया, दोषी के विवाह प्रस्ताव को वह पूर्व में ठुकरा चुकी थी। अभियुक्तों का संबंध तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद से बताया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि शैक्षणिक संस्थाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दबदबा है। मुख्य आरोपी मनोजित के खिलाफ पहले भी कई विवाद सामने आने के बावजूद उसे कॉलेज में अस्थाई नौकरी मिलने के पीछे राजनीतिक संरक्षण बताया जा रहा है। भाजपा घटना पर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग कर रही है जबकि उसे बीएचयू की वह घटना याद रखनी चाहिए जिसमें तमाम दबाव के बाद आरोपियों को पकड़ा गया था। तब सत्ताधारी दल ने किस राजनेता पर कार्रवाई की थी। यह खौफनाक है। विभिन्न घटनाओं के आधार पर कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि देश के शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय छात्राओं के लिए अति असुरक्षित हैं। तमाम नियमों व कानूनी पाबंदियों के बावजूद सामने आने वाली ये घटनाएं चुनिंदा हैं क्योंकि छात्राएं घबरा जाती हैं क्योंकि उनके शिक्षा ग्रहण करने में अड़ंगे लगने लगते हैं। सवाल छात्राओं का ही नहीं है,महिलाओं/बच्चियों की सुरक्षा को लेकर सरकारी व प्रशासनिक ढुलमुल रवैया बदल क्यों नहीं रहा।महिलाओं के प्रति अपराध थामने के लिए किए जाने वाले प्रचार, आयोग व दीवारों पर लिखे स्लोगन काफी नहीं कहे जा सकते। राजनीति को शिक्षा से दूर रखने की बात दशकों से होती रही है। उस पर राजनेताओं के अनर्गल बयानों से पीड़िता व उसके परिवार-परिचितों को होने वाले मानसिक कष्ट की भरपाई कैसे हो सकती है। कोलकाता के मेडीकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के जघन्य रेप/हत्या के जख्म अभी ज्यों-के-त्यों हैं। ममता बनर्जी को राजनीति को हाशिए में ढकेलते हुए भावपूर्ण स्त्री के तौर पर कड़े कदम उठाने से चूकना नहीं चाहिए।

# ऐसे थे जननायक प्रधानमंत्री चंद्रशेखर



सूर्य कुमार,
देवग्राम,पयागपुर,बहराइच,
(उ. प्र.)-271871

चाह गई चिंता मिटी मनुआ बेपरवाह जाको कछु ना चाहिए वो शाहन के शाह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय द्वारिका प्रसाद जी का चंद्रशेखर के बारे में यह कथन तथा चंद्रशेखर जी का बार-बार यह कहना-खुल खेलो संसार में बाध सके न कोय,घाट जकाती क्या करे जो सिर बोझ न होय।

उनके चरित्र को पूर्ण रूप से परिभाषित करने के लिए काफी है। वह एक विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थे,जो आज भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं है,पर उनके विचार और व्यक्तित्व की छाप हम पर हमेशा निरंतर पड़ती रहेगी। वह किसी भी परिस्थिति में अपने वैचारिक समझ से समझौता न करने वाले राजनेता थे,जिनको तत्कालिकता प्रभावित नहीं कर पाती थी। उनकी प्रतिभा के अनेक आयाम है और सब के सब आम से अलग और निराले है। शायद यही कारण है कि सुप्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार उपसभापति राज्यसभा हरिवंश जी ने चंद्रशेखर जी पर रचित अपनी पुस्तक को चंद्रशेखर द लास्ट आइकन ऑफ आईडियोलॉजिकल पॉलिटिक्स यानी चंद्रशेखर आदर्शवादी राजनीति के अंतिम प्रतीक नामक शीर्षक से सुशोभित करना पड़ा तथा विदेशी लेखक माननीय रोड्रिक मैथ्यू ने चंद्रशेखर सिक्स मंथ डैट सेव्ड इंडियायानी चंद्रशेखर के 6 महीने जिसने भारत को बचाया नामक पुस्तक लिखकर प्रधानमंत्री के हैसियत से तात्कालिक विषम परिस्थितियों में विकट समस्याओं के समाधान हेतु चंद्रशेखर जी द्वारा लिए गए नीतिगत महत्वपूर्ण फैसलों और उनके दूरगामी परिणामों की विवेचना को लिपिबद्ध कर विश्व के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

उनका जीवन उन निश्चित धारणाओं से नियंत्रित होता था,जो निश्चित ही नानक,बुद्ध,गांधी ,आचार्य नरेंद्र देव,लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के जीवन तथा कथनों से प्रेरित था। इसी प्रेरणा ने उनको बड़ी से बड़ी प्रभावी राजनैतिक हस्तियों के समक्ष अपनी राय को स्पष्ट रूप से रखने की शक्ति प्रदान की। उन्होंने राजनीति के अनेकों मोड पर डॉक्टर लोहिया जी तथा यहां तक लोकनायक जयप्रकाश जी के समक्ष भी अपनी भिन्न राय को विनम्रता पूर्वक रखने का प्रयास किया और यही मान्यधारणा ने आपातकाल की घोषणा पर उनको इंदिरा गांधी के विरोध में कंटकाकीर्ण मार्ग अपनाने को विवश कर दिया।



उनकी दृष्टि अति गहरी और दूरगामी थी। स्वर्ण मंदिर में सेना के प्रवेश पर तथा वहां हुए नरसंहार के बाद अपने साथियों के बीच गपशप में उन्होंने गंभीरता से टिप्पणी करते हुए कहा,जो कोई भी सिख धर्म के इतिहास को जानता या समझता था तथा उसको क्या अनोखा बनाता है यह वह अवश्य जानता होगा कि यह एक ऐसी घटना थी जिस को अनुत्तरित नहीं छोड़ा जाएगा। भारत की एक महान महिला नेत्री को उसकी कीमत चुकानी पड़ी,भारत दागदार हुआ। जब राजीव गांधी ने गलत सलाहकारों की सलाह मानते हुए श्रीलंका में अपने आधे अधूरे मिशन की शुरुआत कर दी । भारतीय सेना की तैनाती हुई और खूनी संघर्ष हुआ। चंद्रशेखर जी की टिप्पणी थी की ऐसा तब होता है जब लोग इतिहास को नहीं पढ़ते हैं और इतिहास गढ़ने निकल पड़ते हैं। एक और दुःखद घटना घटी और भारत ने राजीव गांधी जैसे ऐसे नेता को खो दिया जो आज की पीढ़ी पर भारी पड़ सकता था। आज की समस्याओं और उनके समाधान को हम बुजुर्गों से बेहतर ढंग से समझ सकता था। विश्व स्तर के एक महान आध्यात्मिक एवं धार्मिक हैसियत के धर्माधिकारी से अपनी निजी वार्तालाप में उन्होंने कहा कि मान्यवर मैं यह नहीं जानता कि धर्म में राजनीति का हस्तक्षेप,धर्म का कितना नुकसान करता है,यह आप अच्छी तरह से समझ सकते हैं पर मैं यह भली भांति जानता हूं कि राजनीति में धर्म का प्रवेश देश के लिए और समाज के लिए अत्यंत घातक है। चंद्रशेखर जी बतरस का आनंद बखूबी लेते थे,उन्होंने ऐसी एक मित्र मंडली की बैठक में कहा कि मैं ऐसे जमाने में राजनीति में आया था, तब माना जाता था कि पढ़ा लिखा राजनेता अच्छा होता है। आज देखता हूं तो लगता है राजनीति करने वालों को पढ़ने लिखने से क्या मतलब। तब जिसको देखो क्रांति की बात करता था , क्रांति करने राजनीति में आया था और अब? आगे की बात हमारे जैसे कार्यकर्ताओं को समझने के लिए छोड़ दिया। चंद्रशेखर जी एक ऐसे सपूत थे जिनका राजनीतिक पिंड ऐसे जमाने में और ऐसे महान हस्तियों के सानिध्य में निर्मित हुआ की राजनीति को क्रांति और समाज रचना से विरत न कर सके।

सत्ता साधने के लिए वे राजनीति में नहीं आए थे,राजनीति में थे इसलिए उनकी सत्ता से मुठभेड़ लगातार और अनिवार्य रूप से होती रही और आज भी हो रही है। वह गांधी जी और जयप्रकाश जी को स्वीकार करते थे,लोक शक्ति को परिवर्तन की अंतिम निर्णायक शद शक्ति की मान्यता देते थे,पर लोक शक्ति का राजनीतिक सत्ता से टकराव की अपरिहर्ता को स्वीकार नहीं करते थे। राजनीति की अवधारणा और परिवर्तनकारी शक्तियों पर विश्वास करते थे। इसलिए वह लोक शक्ति को साधने में राजनीति का त्याग न कर सके और मेरे जैसे क्रांति के प्रति अति उत्साही लोग जब कभी ऐसा आग्रह करने की हिमाकत कर देते थे,तो मुस्कुरा कर हल्के से कह देते थे कि न मै गांधी बन सकता हूं और न ही मै जयप्रकाश बन सकता हूं और न ही मै गांधी या जयप्रकाश बनना चाहता हूं ,क्योंकि मैं अपनी क्षमता जानता हूं। राजनीति को कभी ऐसे नहीं पकड़े कि सत्ता के हत्थे पर पकड़ बनाए रखने के लिए कोई भी समझौता कर ले। उनको अपने कार्यकर्ताओं की निष्ठा एवं वैचारिक प्रतिबद्धता की पूरी परख थी,तथा उनके मान सम्मान एवं स्वाभिमान का पूरा ध्यान रखते थे। मैंने उनसे सीख ली कि जुनून के बिना राजनीति निरर्थकहै, करुणा के बिना नीति व्यर्थ है,और अपने से कम सुविधा प्राप्त लोगों के प्रति दयालुता और कृपा भाव शिष्टाचार का सिर्फ उदाहरण नहीं होना चाहिए बल्कि यह स्वाभाविक होना चाहिए। किसी सरोकार के बिना परोपकार ही लोकतंत्र का सार है।चंद्रशेखर जी एक संस्कारिक व्यक्ति थे और सभ्य बनने की प्रेरणा उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से हमेशा प्रवाहित होती रहती थी और भविष्य में प्रवाहित होती रहेगी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता:नवाचार की उड़ान या बौद्धिक चोरी का यंत्र



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा 'सीखी गई' सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके। इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी तकनीकी छलांगों में से एक है जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता – यानी ऐसा कंप्यूटर मस्तिष्क जो कहानी से लेकर समाचार रिपोर्ट, चित्र से लेकर कविता, और अदालत के निर्णय से लेकर संवाद तक खुद रच सकता है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि इस मशीनी रचनात्मकता की नींव क्या किसी और की मेहनत पर टिकी है? क्या यह नई तकनीक रचनाकारों, लेखकों,पत्रकारों,चित्रकारों और संगीतकारों की बनाई सामग्रियों को चुपचाप अपने ज्ञान का हिस्सा बना रही है – बिना उनकी अनुमति, बिना कोई श्रेय दिए?

हाल ही में अमेरिका की दो अदालतों में ऐसे ही मामलों पर निर्णय हुआ। इन फैसलों ने फिलहाल तकनीकी कंपनियों को राहत दी है, पर यह विषय अभी भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। इन फैसलों ने पूरी दुनिया में बहस छेड़ दी है–और भारत भी इससे अछूता नहीं है।

जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल–जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा–करोड़ों पुस्तकों,वेबसाइटों,गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यही से विवाद आरंभ होता है। 2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह 'उचित प्रयोग' की श्रेणी



में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं,लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी परिवर्तनकारी उपयोग मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया। इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं,लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह 'उचित प्रयोग' है, तो उनकी मेहनत,मौलिकता और अधिकारों का क्या? अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया। ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है। उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती।

यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है।

प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में 'उचित प्रयोग' की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं। आज लेखक,कवि, चित्रकार,संगीतकार,फोटोग्राफर और पत्रकार यह महसूस कर रहे हैं कि उनका सृजन कार्य मशीनों के पेट में डाला जा रहा है, और बदले में उन्हें न कोई श्रेय मिल रहा है, न ही पारिश्रमिक। यह न केवल कानूनी बल्कि नैतिक चिंता का विषय है। इस विषय पर बहस यह नहीं है कि तकनीक को रोका जाए। नवाचार और प्रौद्योगिकी की प्रगति आवश्यक है,लेकिन वह प्रगति ऐसी न हो जो मानवीय रचनात्मकता को निगल जाए। अगर कोई लेखक दस वर्षों की मेहनत से एक उपन्यास रचता है, और कोई मशीन दो सेकंड में उसकी शैली की नकल करके नया उत्पाद बनाती है, तो यह न तो न्यायसंगत है, न ही सम्मानजनक। न्यायालयों की जिम्मेदारी अब केवल यह नहीं रह गई कि वे कंपनियों और व्यक्तियों के बीच विवाद सुलझाएं, बल्कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य का तकनीकी विकास समान रूप से सभी के हित में हो। केवल पूंजी और तकनीक के सहारे अगर किसी का बौद्धिक श्रम मुफ्त में हड़पा जा रहा है, तो वह लोकतांत्रिक और नैतिक मूल्यों का उल्लंघन है।भारत को चाहिए कि वह अपने कॉपीराइट कानूनों की पुनर्रचना करे – विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग के अनुरूप। ऐसी व्यवस्था बने जिसमें रचनाकारों की रचनाओं को यदि तकनीक द्वारा उपयोग किया जा रहा है तो उन्हें उसका पारिश्रमिक मिले,उनके नाम का उल्लेख हो, और उनकी अनुमति अनिवार्य हो। यह केवल न्याय की बात नहीं है,यह साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता की रक्षा की बात है। यदि हम अपने समय के रचनाकारों की अनदेखी करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ तकनीक तो पाएंगी–पर संवेदना नहीं,आत्मा नहीं।मशीनों को दी उड़ान,पर कलम से छीना आसमान,बिना श्रेय के ज्ञान अगर, तो कैसा विज्ञान?

## विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं,जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है।ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रांस के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है।ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है। सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है।इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरु आत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11 वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है।अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। आज भारत सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व में चौथे पर पहुंच गया है परंतु भारत को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जबरदस्त सुधार करने की आवश्यकता है। भारत पूरे विश्व में आध्यात्म के मामले में सबसे आगे है अत- भारत को धार्मिक पर्यटन को सबसे तेज गति से आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर निर्मित करने चाहिए जिससे नागरिकों की आय में वृद्धि करना आसान हो। दूसरे, भारत में 80 करोड़ आबादी का युवा (35 वर्ष से कम आयु) होना भी विकास के इंजिन के रूप में कार्य कर सकता है। भारत की विशाल आबादी ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था में विविधता झलकती है और यह केवल कुछ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 16 प्रतिशत है तथा रोजगार के अधिकतम अवसर भी कृषि क्षेत्र से ही निकलते हैं, जिसके चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद विपरीत रूप से प्रभावित होता है। सेवा क्षेत्र का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है, परंतु विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ाने की आवश्यकता है।

–प्रह्लाद सबानानी–


# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार



ललित गर्ग
पटपड़गंज,न्यू दिल्ली-92

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत,अमेरिका,जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा,पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत),सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।

ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्ति सम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति,सह-जीवन,अहिंसा,लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने




कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों,पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है,तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों,विशेषकर रूस और ब्राज़ील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज़ है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया। भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा,बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत,सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं,बल्कि मानवता,शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, 'बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आनेवाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा।

## कविता
### मया के खातिर

घटती-घटना



सोनू नेताम
रूद्री,नवागांव
धमतरी,छत्तीसगढ़

मोर हाथ के लकीर म मया हि नईहे
मैंय मया के राह म आंव कईसे मैंहा
जेन दिन मया के सिरिफ नांव ले हव
मैंय परसान हौव
ओ दिन ले ओला बताव कईसे
मैंय हालत ले लड़के भी हार मानेव
अब मया के सपना सजाव कईसे
मोर मजबुरी के आज घलोक ए पीरा हे
ओ रोवाथे मोला ऐला बताव कईसे
बात बात म एक बात तहुं पुछबे
मया का होथे तेन ल बतातेव अईसे
जिनगि के बेरा बहुतेच कमति हे
तोला हरेक बात ल
फोरके बताव कईसे

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

CMYK

# मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया शुभारंभ





अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। सरगुजा जिले के मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का पहला दिन सोमवार को संपन्न हुआ। पहले दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित छत्तीसगढ़ के सभी 10 सांसद, 10 मंत्री और 44 विधायक शामिल हुए। मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। सोमवार को प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा रेल मार्ग से अंबिकापुर पहुंचे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हवाई मार्ग से दिल्ली से मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। इसके बाद सभी सड़क मार्ग से मैनपाट पहुंचे। लगभग दोपहर दो बजे प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन का ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद मां के नाम एक पेड़ के तहत पौधरोपण किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विधायक व सांसद शामिल रहे। जिन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सांसदों व विधायकों को संगठन के बेहतर के लिए कई सीख दिए। लगभग दो घंटे तक प्रशिक्षण शिविर में शामिल रहने के बाद हवाई मार्ग से वापस लौट गए। दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसदों और विधायकों का प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा। शिविर का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के विकास और ज्ञानवर्धन में सहायक बनाना है। कार्यक्रम में सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश,प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रेदश संगठन महामंत्री अजय जामवाल,संगठन मंत्री पवन साय,प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा सहित संठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## भोजन में स्थानीय व्यंजन भी शामिल

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होने आए मुख्यमंत्री सहित संगठन के पदाधिकारियों के रूकने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। भोजन के मेन्यू में स्थानीय व्यंजन को भी शामिल किया गया है। जिसमें लकरा की चटनी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा पुटू व कोचई पत्ते की सब्जी,विभिन्न प्रकार की भाजी भी शामिल है। प्रशिक्षण के पहले दिन दोपहर व शाम के भोजन में परोसा गया। जेपी नड ने भी स्थानीय भोजन का लत्फ उठाया। वहीं तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अतिथियों के रूकने की उत्तम व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मैनपाट के शैला रिसॉर्ट के पास सर्कित हाउस में रूके हैं। इनके लिए तीन कमरे आरक्षित है। इसके अलावा शैला रिसॉर्ट के सभी 22 कमरे अन्य मंत्री व विधायकों के लिए बुक है। इसके अलावा करमा एथनिक रिसॉर्ट,देव हेरिटेज,सेंट्रल प्वाइंट और पितांबर होटल बुक है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता पहुंच रहे हैं। इस लिए सुरक्षा के व्यापक उपाए किए गए हैं। सुरक्षा में तीन जिलों के एसपी,एएसपी,डीएसपी सहित पुलिस अधिकारी और करीब 700 जवान तैनात किए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को बतौर मजिस्ट्रियल अधिकारी मैनपाट में ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं पुलिस बल अंबिकापुर से लेकर मैनपाट तक की गई है। जगह-जगह पुलिस जवान तैनात हैं। भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को केन्द्रय मंत्री शिवराज सिंह चौहान,संगठन के बीएल संतोष सहित अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे और सांसद व विधायकों को बारिकी से संगठन के बेहतर को लेकर जानकारी देंगे। वहीं समापन अवसर पर बुधवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

## मैनपाट क्षेत्र में शुष्क दिवस

भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर मैनपाट में शराब बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। कलेक्टर विलास भोसकर द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) के अंतर्गत मैनपाट क्षेत्र के रोपाखार में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। यह निर्णय केन्द्र एवं राज्य स्तरीय नेताओं के आगमन के मद्देनज़र कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। जारी आदेशानुसार 7 से 9 जुलाई की दोपहर 2 बजे तक रोपाखार मैनपाट में विदेशी मदिरा दुकान पूर्णतः बंद रहेंगी।

# पौधरोपण कर साई स्कूल में मना स्थापना दिवस

### जीवन के लिए वरदान है हरियाली



अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। ाई बाबा स्कूल का 20वां स्थापना दिवस सोमवार को पौधरोपण र मनाया गया। साई शिरडी शिक्षण समिति के सचिव अजय कुमार गोले, प्रबंध समिति की ओर से रेखा इंगोले,अलका इंगोले और ाचार्य प्राची गोयल ने रबर,क्रोटन, तेज पत्ता,पान,आडुसा,रेड नवस, वास्तु पौधा,नीबू,आम,केला के पौधे लगा कर हरियाली का ंदेश दिया। प्रार्थना सभा में के दौरान रेड हाऊस के विद्यार्थियों ने ोहक प्रस्तुति दी। कक्षा बारहवीं के छात्र हर्ष वर्धन मिश्रा ने हरियाली ीवन के लिए आवश्यक है, का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि र्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व है जो पौधरोपण से ही पूरा होगा। इस ौरान विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर हरियाली के लिए संकल्प लिया। थापना दिवस और पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका दीक्षा ुजूर,रूहिल सिन्हा,निहारिका लाल,श्यामा कशिश आदि शिक्षकों था विद्यार्थियों ने सहयोग किया ।

## आकाशीय बिजली की संपर्क में आने से युवक की मौत

अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में रविवार को आकाशीय बिजली की चपेट में ाने से युवक की मौत हो गई। उसे गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज ास्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार देवलाल ागेश पिता स्व. लक्ष्मण उम्र 26 वर्ष रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ुरकेला का रहने वाला था। लगातार हो रही बारिश से खेत में जल ामाव हो गया था। सोमवार की दोपहर वह खेत से पानी निकालने के ाए मेढ़ काटने गया था। तभी तेज गरज व चमक के साथ आकाशीय ाजली गिरी। इसके चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया ौर खेत में ही अचेत हो गया। कुछ देर बाद इसका चाचा खेत की ोर गया थो देवलाल अचेत खेत में पड़ा था और इसके सारे कपड़े ल चुके थे। वह उठाकर घर लाया और इलाज के लिए रघुनाथपुर ास्पताल ले गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते ए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज ़ दौरान उसकी मौत हो गई।

## ाइक से गिरकर घायल महिला की मौत

अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। ाइक के पीछे बैठी महिला गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया ा। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ाहानी माझी पति तुलसी माझी उम्र 48 वर्ष सीतापुर थाना क्षेत्र के ़तकालो का रहने वाला था। वह शुक्रवार को अपने जीजा के साथ ाइक से रथ यात्रा मेला देखते ग्राम पीडिया जा रही थी। तभी रास्ते में ाइक से अचानक सड़क पर गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी ा गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती ़राया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी स्थिति को ाभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलज अस्पताल रेफर कर दिया। ाहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# राष्ट्रवाद के प्रणेता थे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी

## धारा 370 हटने से पुरा हुआ एक विधान,एक प्रधान,एक निशान का संकल्प



अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रणेता थे। उन्होंने जिस भारत और भारतीयता की तस्वीर देखी थी,आज वही चरितार्थ हो रही है। यह बातें साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जंयती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि 33 वर्ष की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति बनना गर्व की बात है। डॉ. मुखर्जी दो बार कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति रहे और नयी परम्परा को लागू करते हुए बांग्ला में दीक्षांत समारोह आयोजित कराया तथा गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगौर जिसके मुख्य अतिथि थे। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती,डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संस्मरण सुनाते हुए कला एवं समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर.एन. शर्मा ने कहा कि उन्होंने जनसंघ की स्थापना की जो बाद में भारतीय जनता पार्टी बन गयी। हिन्दू महासभा के साथ समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हुए उन्होंने चुनाव में भागीदारी की। अंतरिम सरकार के उद्योग मंत्री रहते हुए उन्होंने भिलाई, खादी ग्रामोद्योग, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अजय कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत विभाजन के दौरान आबादी के अनुसार बंगाल का विभाजन कराया जिससे कोलकाता जैसा शहर और आसपास के जिले भारत के अंग बन सके। डॉ. मुखर्जी ने भारत-पाकिस्तान के समझौते का विरोध करते हुए इस्तिफा भी दे दिया था। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान जैसी व्यवस्था का विरोध किया। कश्मीर में परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए रावी नदी पुल पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनकी शहादत भारत के लिए एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का पर्याय बन गयी जो धारा 370 के हटने से पूरी हुई।

उन्होंने महाबोधि सोसायटी के लिये निरंतर काम किया। श्रीलंका में तथागत बुद्ध के दो शिष्य सारिपुत्ता और महामुद्गलयान के अवशेष को सांची में स्थापित कराया। कार्याक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र दास सोनवानी ने सभी को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के अध्यक्ष राकेश कुमार सेन, कम्प्यूटर एंड आईटी के अध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार शाक्य, फिजीकल साईंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. शैलेष देवांगन तथा समस्त प्राध्यापक और बी.एससी बी.एड के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेवा के लिए सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति का जत्था रवाना

## सुल्तानगंज से कावड़िया जल भरकर कावड़ लेकर भक्त जलाभिषेक कर बाबा का पाते हैं आशीर्वाद



राजपुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। झारखंड के देवघर जिला में बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध नगरी में प्रतिवर्ष श्रवण मास में लगने वाले मेले में असंख्य भक्तों के द्वारा बिहार के भागलपुर जिले के गंगा नदी किनारे सुल्तानगंज तट से जल लेकर कांवड़ियों के द्वारा जलाभिषेक कर लेते हैं। आशीर्वाद भक्तों द्वारा पैदल एवं अन्य साधनों से भगवान भोले शंकर को जलभिषेक किया जाता हैं। वहीं भक्तजनों के सेवा में बीते बीस वर्षों से सुलतानगंज से पैसठ किलोमीटर दूर कावड़िया मार्ग पे देवघर जाने के क्रम में ग्राम कटोरिया में सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति के द्वारा भक्तजनों को भोजन प्रसाद चिकित्सा सेवा स्नान ध्यान आराम करने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी कड़ी में इक्कीसवां वर्ष में भी भक्त जनों के सेवा के लिए सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति का जत्था अपने संसाधनों को इक्कठा करते हुए राजपुर भोले भक्तों से सौजन्य मुलाकात करते हुए रवाना हुआ वहीं समिति के प्रमुख्य सदस्य मनोज अग्रवाल ने बाबा धाम जाने वाले सभी भक्त जनों से सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति के शिविर में पधार कर सेवा करने का अवसर देने की अपील की हैं। वहीं शिविर में बीते बीस वर्षों से समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष श्री सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल,बाबूलाल अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,राजेंद्र बंसल रामस्वरूप गुप्ता,प्रमोद ठाकुर शंकर अग्रवाल,रामू शर्मा,पवन अग्रवाल नाथूलाल अग्रवाल,अर्जुन अग्रवाल महाकाल,नन्हे गुप्ता सहित अनेकों सदस्य बाबा धाम जाकर भक्त जनों की सेवा करते आ रहें हैं।

# पशु विभाग के द्वारा घुमंतू मवेशियों पर लगाया गया रेडियम स्टीकर!



राजपुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। राजपुर-नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्यमार्ग पे लगातार घुमंतू मवेशियों के समस्या से परेशान रहते हैं। अभी कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट में एक बैल की मौत हो गई थी। उसकी खबर अखबारों में भी छपी थी. जिसको लेकर नगर वासियों के द्वारा सोशल मीडिया पे समस्या को लेकर नगर वासियों ने जवाबदारों का ध्यान आकर्षण कराने की कोशिश की जाती रही हैं वहीं सड़को पे मवेशियों के रहने से कई बार दुर्घटना में कई मवेशी की मौत हो चुकी हैं।

### हिंदू एकता मंच के द्वारा दिए जा चुके थे आवेदन

जिसको लेकर पूर्व में राजपुर के हिन्दू एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम राजपुर के समक्ष ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया था कि नगर पंचायत राजपुर एवं आस पास के मुख्य मार्ग में आये दिन तेज गति वाहन के कारण सड़क किनारे चलने वाले पशु की दुर्घटना हो जा रही है जिसके कारण कई पशु गंभीर रूप से घायल हो रहे है और कई पशुओं की मृत्यु हो गई हैं। वहीं तेज गति वाहन एवं भारी वाहनों के गतियों में नियंत्रण किया जाये और साथ ही पशुओं में रेडियम पट्टी बांधा जाए वहीं पशुधन विभाग के खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राम लखन राम ने बताया कि वर्तमान में सिंघ वाले सड़कों पे घुमंतू मवेशियों पे रात में सुरक्षा के व्यवस्था अनुरूप रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा हैं।वहीं रेडियम स्टीकर लगाने के दौरान डॉ पुनीत तिर्की, पशु ड्रेसर देवकुमार, रविन्द्र भगत उपस्थित थे। निकाय के कर्मचारी प्रतिदिन सड़को से मवेशियों को दूर करने की कोशिश करते हैं लेकिन जैसे कर्मचारी वापस जातें हैं। वैसे ही मवेशी पुनः सड़को पे आ जाते हैं जिससे सड़कों पे मवेशियों की समस्या बनी रहती हैं।


# कृषि महाविद्यालय में माता राजमोहिनी देवी की मनाई गई जन्मोत्सव

अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र अंबिकापुर में सोमवार को डॉ संतोष कुमार सिंहा,अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय अंबिकापुर की अध्यक्षता में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर माता राजमोहिनी देवी की प्रतिमा पर अधिष्ठाता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। अधिष्ठाता ने माता राजमोहिनी देवी को याद करते हुए सभी को उनके कर्मों से सीख लेने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



CMYK

## साउथ फिलाडेल्फिया में गोलीबारी
# तीन की मौत,10 घायल



वॉशिंगटन,07 जुलाई 2025।

अमेरिका में एक बार फिर बंदूक के खूनी खेल ने तबाही मचा दी है। यहां साउथ फिलाडेल्फिया के एक इलाके में सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। मामले में हथियार के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त केविन बेथेल ने संवाददाताओं को बताया कि मरने वाले लोग वयस्क थे और घायलों में से दो किशोर हैं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी ग्रेज फेरी में एक आवासीय सड़क पर रात एक बजे के करीब हुई। बेथेल ने कहा, घटनास्थल पर कई राउंड गोलियां चलीं।

### कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया

बेथेल ने कहा कि पुलिस ने शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक मौका-ए-वारदात पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि गोलीबारी की वजह क्या थी। बेथेल ने कहा, यह कायरतापूर्ण, खुद को गुडा साबित करने की चाहत रखने वाला काम है।

### अमेरिका में गोलीबारी की घटना आम

बीते हफ्ते अमेरिका के अन्य स्थानों पर हुई अन्य गोलीबारी के बाद ऐसी घटना साउथ फिलाडेल्फिया में सामने आई है। इनमें दक्षिण फिलाडेल्फिया नाइट क्लब के निकट गोलीबारी में मारे गए कम से कम आठ लोग भी शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला ने जहरीले मशरूम खिलाकर सास-ससुर की हत्या की



कैनेबरा,07 जुलाई 2025।

ऑस्ट्रेलिया में एक महिला को अपने सास,ससुर और सास की बहन को जहरीले मशरुम खिलाकर हत्या करने का दोषी पाया गया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी एरिन पैटरसन ने अपनी सास गेल पैटरसन,अपने ससुर डोनाल्ड पैटरसन और सास की बहन हीथर विल्किंसन और हीथर के पति इयान विल्किंसन को 29 जुलाई 2023 को खाने पर बुलाया था। एरिन ने अपने अलग रह रहे पति साइमन पैटरसन को भी बुलाया गया था,लेकिन उसने आने से मना कर दिया था। खाना खाने के कुछ घंटों बाद चारों मेहमान बीमार पड़ गए,उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से गेल (70 साल),डोनाल्ड (70) और हीथर (66 साल) की मौत हो गई, जबकि इयान बच गए। जांच में सामने आया कि खाने में जहरीले डेथ कैप मशरूम मिले थे। पुलिस ने एरिन को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

### वेबसाइट से डेथ कैप मशरूम की लोकेशन ढूंढी

20 महिनों तक ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत में चले इस मुकदमे में पीड़ित पक्ष ने दावा किया कि एरिन ने जानबूझकर डेथ कैप मशरूम खाने में मिलाए। ये मशरूम उन्होंने एक वेबसाइट पर उनकी लोकेशन देखकर जंगल से इकट्ठा किए थे। सरकारी वकील ने बताया कि एरिन और साइमन अलग हो चुके थे, लेकिन दोनों के बीच रिश्ते खराब नहीं थे। एरिन और साइमन के दो बच्चे भी हैं, जो उस दिन घर में ही थे लेकिन उन्होंने वेलिंगटन नहीं खाया था। वहीं, एरिन के वकीलों ने कहा कि यह एक दुर्घटना थी। उनका कहना था कि एरिन ने खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए मशरूम डाले थे। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि ये जहरीले हैं।

# चीन से अपना बंदरगाह मांग सकता ऑस्ट्रेलिया

## 2015 में 99 साल की लीज पर दी, पीएम अल्बनीज ने वापस लेने का वादा किया



**कैनबरा,07 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज अगले हफ्ते चीन जा रहे हैं। जल्द ही इसकी तारीख बताई जाएगी। इस बीच हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक अल्बनीज चीन से डार्विन पोर्ट को वापस लेने की मांग कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दन टेरिटरी राज्य ने चीन की एक कंपनी लैंडब्रिज ग्रुप को 2015 में यह पोर्ट लीज पर दिया था। तब यह राज्य आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा था। हालांकि राज्य सरकार के इस फैसले का पूरे देश में विरोध हुआ था।

इस साल चुनाव प्रचार के दौरान अल्बनीज ने वादा किया था कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए डार्विन पोर्ट को वापस खरीदने की कोशिश करेंगे। तब चीन के राजदूत ने इस पर आपत्ति जताई थी और कहा था कि इसमें चीनी कंपनी की कोई गलती नहीं की है। अंतरराष्ट्रीय हालत में आए बदलाव का नुकसान की सजा उसे नहीं मिलनी चाहिए।

**पोर्ट बेचने पर अमेरिका की बढ़ी परेशानी :** 2015 में नॉर्दन टेरीटरी और चीनी कंपनी के बीच जब पोर्ट को लेकर समझौता हुआ था, तब अमेरिका ने इस पोर्ट पर अपने सैनिकों की तैनाती शुरू की थी। अमेरिका ने भी तब इस डील को लेकर चिंता जताई थी और कहा था कि चीन इस पोर्ट का इस्तेमाल ऑस्ट्रेलिया और वहां तैनात अमेरिकी सेना की जासूसी के लिए कर सकता है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया सरकार ने अमेरिका को यकीन दिलाया था कि पोर्ट की मौजूदा निगरानी और नियम पर्याप्त हैं और इससे सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। तब एंथनी अल्बनीज विपक्ष में थे। उन्होंने इस लीज का विरोध किया था और कहा था

### ओबामा ने पीएम टर्नबुल को फटकार लगाई थी...

लैंडब्रिज नेडार्विन पोर्ट के पट्टे के लिए 50 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से ज्यादा की बोली लगाई थी और इस पोर्ट को खरीदने की चाहत रखने वाली बाकी 32 कंपनियों को पछाड़ दिया था। इस डील के होने के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन पीएम मैल्कम टर्नबुल को फटकार लगाई थी। ओबामा ने साफ कहा था कि भविष्य में ऐसे सौदों के बारे में अमेरिका को पहले बताना चाहिए। तब उन्होंने कहा था कि इस डील से किसी भी तरह का कोई खतरा नहीं है। अगर कभी जरूरत पड़ी तो ऑस्ट्रेलिया का रक्षा मंत्रालय या सरकार इस बंदरगाह को नियंत्रण में ले सकती है।

### पीएम बनने के बाद अल्बनीज ने जांच कराई

3 साल पहले प्रधानमंत्री बनने के बाद अल्बनीज ने इसकी जांच भी कराई थी कि क्या इस डील से ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा को खतरा हो सकता है? हालांकि तब जांच की रिपोर्ट में कहा गया था कि इससे देश की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में एक्सपर्ट माइकल फेलर ने कहा कि पीएम अल्बनीज यह सुनिश्चित करना चाहेंगे कि अगर डार्विन पोर्ट से चीनी कंपनी का कंट्रोल हटाना पड़े तो इसका असर ऑस्ट्रेलिया-चीन के रिश्तों और व्यापार पर कम से कम हो।

# रूस ने यूक्रेन पर दागे 100 से ज्यादा ड्रोन

## रूस के पूर्व परिवहन मंत्री ने खुद को मारी गोली,पुतिन ने पद से किया था बर्खास्त



**कीव,07 जुलाई 2025।** यूक्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रूस ने बीती रात यूक्रेन के आबादी वाले इलाकों पर सौ से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। इस बीच, रूस ने अपने यातायात प्रमुख को पद से हटा दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया, जब यूक्रेन के ड्रोन हमलों के खतरे के चलते रूस के हवाई अड्डों से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई और हवाई यातायात में भारी अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों के मुताबिक,बीते चौबीस घटों में रूसी हमलों में दस यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई और 38 घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान रूस ने हाल ही में यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर हवाई हमले तेज किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को बताया कि बीते एक हफ्ते में रूस ने यूक्रेन पर करीब 1270 ड्रोन, 39 मिसाइलें और करीब एक हजार शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे हैं। रूसी सेना भी करीब एक हजार किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) में कुछ स्थानों पर घुसपैठ की पूरी कोशिश कर रही है, जहां यूक्रेनी सेनाएं तैनात हैं। इस हमले और यूक्रेन पर लगातार दबाव के चलते शांति वार्ता में कोई ठोस प्रगति न होने के कारण यूक्रेन, अमेरिका और यूरोप से और ज्यादा सैन्य मदद की मांग कर रहा है। जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन ने यूरोपीय देशों और एक प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनी के साथ ड्रोन उत्पादन बढ़ाने के लिए समझौते किए हैं, जिससे इस साल लाखों ड्रोन मिलने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा, हवाई रक्षा ही जीवन की रक्षा का सबसे अहम साधन है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन अब ऐसे इंटरसेप्टर ड्रोन बना रहा है, जो रूस के लंबी दूरी वाले शाहेद ड्रोन को रोक सकते हैं। ड्रोन की बड़ी संख्या में तैनाती ने यूक्रेन को अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की कमी से निपटने में मदद की है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी शहर ओडेसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई,उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में 27 लोग घायल हुए और राजधानी कीव के दो इलाकों में ड्रोन के मलबे से नुकसान हुआ। रूस के कम दूरी के ड्रोन हमले में उत्तर में स्थित सूमी इलाके में दो लोगों की मौत हुई और दो अन्य को घायल हुए।

यह वही इलाका है,जहां रूस ने बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया हुआ है। डोनेत्स्क क्षेत्र के गवर्नर वादिम फिलाशकिन ने बताया कि उस इलाके में सात लोगों की मौत हुई और नौ घायल हुए। हालांकि, उन्होंने नहीं बताया कि हमला किस हथियार से किया गया था। इस बीच,रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उनके सैनिकों ने बीती रात 13 रूसी क्षेत्रों, काला सागर और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में 91 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूस के पूर्व परिवहन मंत्री रोमन स्तारोवोयत ने सोमवार को कथित तौर पर खुद को गोली मार ली।

उन्हें कुछ घंटे पहले ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनके पद से हटा दिया था। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार,उन्होंने मास्को के एक उपनगर में खुद को गोली मारी। जांच एजेंसी ने कहा कि उनका शव उनकी कार में मिला है। सरकारी वेबसाइट पर जारी पुतिन के आदेश में स्तारोवोयत की बर्खास्तगी का कोई कारण नहीं बताया गया। स्तारोवोयत को मई 2024 में परिवहन मंत्री बनाया गया था। इससे पहले वह यूक्रेन से सटे कुर्स्क इलाके के गवर्नर थे और करीब पांच साल तक इस पद पर रहे। क्रेमलिन की ओर से जानकारी दी गई कि नोवगोरोद क्षेत्र के पूर्व गवर्नर आंद्रेई निकितिन को कार्यकारी परिवहन मंत्री नियुक्त किया गया है। जब स्तारोवोयत की अचानक बर्खास्तगी और निकितिन की तत्काल नियुक्ति को लेकर सवाल किया गया, तो राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा,राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अनुसार, आंद्रेई निकितिन के पास इस समय वह अनुभव और योग्यता है, जिसकी इस समय जरूरत है।

## केन्या के नैरोबी में सड़कों पर उतरे लोग
# गुस्साई भीड़ की पुलिस से झड़प,एक प्रदर्शनकारी घायल



**नैरोबी,07 जुलाई 2025।** केन्या की राजधानी नैरोबी एक बार फिर विरोध-प्रदर्शनों की आग में घिर गई है। पुलिस और लोगों के बीच तीखी झड़पें हुईं। सड़कों पर टायर जलाए गए,पत्थरबाजी हुई और पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया। लोग सरकार के खिलाफ गुस्सा निकाल रहे हैं। वजह है महंगाई, भ्रष्टाचार और पुलिस की ज्यादती। सोमवार को नैरोबी शहर के ज्यादातर रास्तों को पुलिस ने बंद कर दिया। बड़े-बड़े बैरिकेड लगाए गए। राजधानी में जाने वाली मुख्य सड़कों पर भी रोक लगा दी गई। आम लोग और व्यापारी भी डर के माहौल में रहे। ज्यादातर दुकानों और दफ्तरों में ताले लगे नजर आए। सड़कों पर जो लोग दिखे, उन्हें भी पुलिस ने रोक-टोक कर जांच की। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए। जगह-जगह आगजनी की गई। नाराज लोगों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले चलाए और लाठीचार्ज किया। इसी दौरान एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल युवक को साथी प्रदर्शनकारी लेकर चले गए।

7 जुलाई को केन्या में सबा-सबा दिवस मनाया जाता है। 35 साल पहले इसी दिन देश में बहुदलीय लोकतंत्र की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन हुआ था। अब उसी दिन लोग फिर सड़कों पर उतरे। इस बार उनका गुस्सा पुलिस की ज्यादती, भ्रष्टाचार और महंगाई को लेकर है। लोग राष्ट्रपति विलियम रुटो से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि हिंसक प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। देश के आंतरिक मंत्री ने चेतावनी दी कि पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी।

# कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को ई आफिस संचालन के कार्यों को गंभीरता से करने का दिया निर्देश

- कलेक्टर ने श्रम विभाग,वन विभाग, कौशल विकास विभाग,उद्योग विभाग,अंत्यावसाई की समीक्षा बैठक ली...
- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत वर्तमान में रोजगार की मांग के अनुसार ही युवाओं को प्रशिक्षण दें...

**एक पेड़ मां के नाम पर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के कहा गया**

**जशपुरनगर,07 जुलाई 2025।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कौशल विकास विभाग, श्रम विभाग,वन विभाग,अंत्यावसाई,उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के युवाओं को वर्तमान रोजगार की मांग के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नर्सिंग सहायक, मशीन उपकरण से संबंधित प्रशिक्षण को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी के जशपुर प्रवास के दौरान हुए घोषणा को भी गंभीरता से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है उन्होंने नीमगांव,तपकरा में स्नेक पार्क,मयाली पर्यावरण की दृष्टि से इको जोन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अन्त्यावसाई विभाग के अधिकारी से विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करके योजना का लाभ देने





के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई आफिस संचालन के सारी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय कार्य अब ई आफिस के माध्यम से ही संचालित होंगे जिन अधिकारियों ने ई आफिस की प्रक्रिया शुरू नहीं की है उन्हें जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकम्पा नियुक्ति,नॉमिनेशन विभागीय जांच,निलंबन अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी ली और प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।

# नवापारा यूसीएचसी में बच्चे को दी गई कीमोथेरेपी नई शुरुआत की ओर एक और कदम

अम्बिकापुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,नवापारा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक पहल की गई, जब न्यूरोब्लास्टोमा से पीड़ित एक मासूम बच्चे को कीमोथेरेपी की चौथी साइकिल सफलतापूर्वक दी गई। यह पहला अवसर है जब नवापारा सीएचसी में किसी बाल कैंसर मरीज को कीमोथेरेपी दी गई है। अब तक की प्रथा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों को कीमोथेरेपी देना दुर्लभ माना जाता था। लेकिन नवापारा यूसीएचसी ने इस सोच को बदलते हुए एक नई मिसाल कायम की है। इस पहल का उद्देश्य है कि गंभीर कैंसर से पीड़ित बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल या बड़े शहरों में न भटकना पड़े. बल्कि स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी व ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ.हिमांशु गुप्ता ने कहा यह सिर्फ इलाज नहीं है बल्कि एक उम्मीद की शुरुआत है। पहले बच्चों को कीमोथेरेपी के लिए मेडिकल कॉलेज या बड़े अस्पताल भेजना पड़ता था. लेकिन अब हम नानपारा सीएचसी में इस सुविधा की शुरुआत कर चुके हैं। यह हमारी टीम की सामूहिक मेहनत और सेवा भाव का परिणाम है। डॉ हिमांशु गुप्ता ने पूरी चिकित्सा टीम डॉक्टर्स स्टाफ नर्स तकनीशियन, फार्मासिस्ट और सफाई कर्मचारियों को इस सफल पहल के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आने वाले समय में और भी कैंसर मरीजों को यहां इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। यह कदम नवापारा सीएचसी को एक मॉडल कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर की दिशा में ले जाने वाला है। यह सफलता जिला कलेक्टर श्री विलास भोसकर सर के कैंसर देखभाल के मार्गदर्शन में कैंसर मरीजों के लिए अटूट समर्थन, जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों से. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों और केंद्र प्रभारी डॉ. शीला नेताम एवं नवापा रा के समस्त स्टाफ नर्स की दृढ संकल्प सेवा तक पहुंच बढ़ाने के अथक समर्पण से संभव हुई है। यह ऐतिहासिक विकास न केवल नवापारा यूसीएचसी के स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साह बढ़ाता है, बल्कि छत्तीसगढ़ के कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद लेकर आता है।

## विधानसभा सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ

जशपुरनगर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधान सभा की षष्ठम् विधानसभा सत्र 14 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें विधान सभा प्रश्नों तथा ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब समय पर शासन को भेजा जाना होता है तथा कई बार विधान सभा प्रश्नों से सम्बधित जानकारी लेकर मंत्रालय, रायपुर जाना होता है।

इस हेतु कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आदेश दिनांक से विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाशों पर तत्काल प्रतिबंध लगाए हैं। उन्होंने अत्यन्त आवश्यक कार्य होने की स्थिति में अद्योहस्ताक्षकर्ता के पूर्व अनुमति लेकर ही अवकाश पर अथवा मुख्यालय छोड़कर जाने, जिला प्रमुख का अधीनस्थ अमला जिला प्रमुख से अनुमति लेने के पश्चात अवकाश पर जाने के निर्देश दिए हैं।

# अब इलाज के लिए न कोई कर्ज न कोई चिंता

## आयुष्मान कार्ड योजना से मिल रही राहत, श्री अर्जुन को नहीं चुकानी पड़ेगी एक भी पाई मिला निःशुल्क उपचार

बलरामपुर,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना निम्न वर्गीय परिवारों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए असामयिक परिस्थितियों में सहारा बनी है। शासन-प्रशासन के प्रयासों से योजनाओं की पहुंच से बलरामपुर-रामानुजगंज क्षेत्रों के लोग भी योजना का सक्रिय लाभ ले रहे हैं। जिले के लाखों परिवार जो कभी गंभीर बीमारी के नाम से ही घबराते थे, आज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार प्राप्त कर स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। विकासखंड रामानुजगंज के ग्राम महावीरगंज निवासी श्री अर्जुन सिंह एक साधारण कृषक परिवार से हैं, जो खेती-बाड़ी कर घर का खर्च चलाते है। वे लंबे समय से मधुमेह के रोगी हैं। कुछ समय पहले उनके पैर में एक गहरा घाव हो गया शरीर में सुन्नता बढ़ रही थी और दर्द असहनीय था।

जांच उपरांत पता चला कि श्री अर्जुन के पैर में घाव डायबेटिक फूट के रूप में उभरने लगा। अगर समय पर इलाज न होता तो पैर काटने की नौबत आ सकती थी। श्री अर्जुन बताते हैं कि डॉक्टर ने बताया कि इसके लिए तत्काल इलाज आवश्यक है। लेकिन इलाज पर करीब 45,000 रुपये खर्च आने वाला था, जो मेरे जैसे किसान के लिए संभव नहीं था। तब आयुष्मान कार्ड जो पहले से बना हुआ था श्री अर्जुन के लिए जीवन रक्षक सिद्ध हुआ। जिला चिकित्सालय बलरामपुर में उनका इलाज शुरू हुआ और पूरे इलाज का खर्च आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर आयुष्मान कार्ड योजना नहीं होती, तो शायद मैं अपना पैर खो चुका होता, आयुष्मान कार्ड ने मेरी ज़िंदगी बचाई है। उल्लेखनीय है कि योजना का उद्देश्य निम्न वर्गीय परिवारों को गंभीर बीमारियों के ईलाज में सहायता देना है।

# जलजला : कोरिया में हसदो का रौद्ररूप दस साल के बारिश का रिकार्ड टूटा

» अमृतधारा, गौरघाट,कर्मघोंघा जलप्रपात अपने पूरे शबाब पर

» नेशनल हाइवे में पहुचा हसदो का पानी,घण्टो प्रभावित रहा नेशनल हाइवे

» हसदो नर्सरी में और गुरुकुल का ग्राउंड फ्लोर पानी मे डूबा, जान बचाने छत पर चढ़े लोग

» हसदो रेस्ट हाउस में घुसा बाढ़ का पानी, जान बचाने छत पर चढ़े रेंजर


» अमृतधारा जलप्रपात के पास जाने पर लगा प्रतिबंध, पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर

» कई जगज गिरे पेड़ कुछ घर भी हुए धरासाई, कही पर गिरी दीवारें

-राजन पाण्डेय-
कोरिया/एमसीबी, 07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया और एमसीबी में लगातार भारी बारिश होने के कारण रविवार को हसदेव,हसिया एवं बनिया नदी उफान पर रहीं। बारिश ने बैकुंठपुर में पिछ्ले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बारिश इतनी तेज थी कि नदी के तेज बहाव से पानी एनएच-43 तक पहुंच गया। सडक़ पर पानी भरने के कारण कई घंटे भर आवागमन बाधित रही। सुरक्षा के मद्देनजर लाई स्थित हसदेव नदी पुल के पास पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

जिला प्रशासन ने पुल के नीचे बने एनीकट का गेट खोलवाया। इससे शाम तक नदी का जल स्तर कुछ कम हुआ। इधर हसदेव नदी का जलस्तर बढने् से फॉरेस्ट नर्सरी डूब गई और विश्राम भवन में पानी घुसने लगा। ऐसे में जान बचाने 2 रेंजर छत पर चढ़ गए। वहीं इंटरनेशनल स्कूल में भी पानी घुस गया डूबने की स्थिति बचने कर्मचारी ने भवन की छत पर चढ़ जान बचाई। इधर एमसीबी जिले के ग्राम लाई स्थित हसदेव नदी से कुछ दूर स्थित किनारे गुरुकुल इंटनेशनल स्कूल और वाटर पार्क डूब गया। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए स्कूल भवन की छत पर चढ़ गए। वहीं नजदीक स्थित एक कच्चे मकान के डूबने के बाद बुजुर्ग पेड़ पर चढ़ गया, जो कई घंटे तक जल स्तर कम होने का इंतजार करते रहे। मामले में ग्रामीणों की मदद से ट्यूब के सहारे उन्हें बाहर निकाला गया। वहीं फायर एवं इमरजेंसी सर्विस टीम पहुंची।


अमृतधारा जल प्रपात अपने पूरे शबाब पर...


सोनहत मे हसदो नदी उफान पर...


हसदो नर्सरी में भरा पानी, ट्रेक्टर भी डूबा


हाइवे में भरा पानी,जान जोखिम में डाल कर वाहन पार करते राहगीर

## छत पर चढक़र रेंजरों ने बचाई जान

रविवार सुबह 7 से 8 बजे के आसपास हसदेव नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया। इस दौरान देखते ही देखते नदी किनारे स्थित फॉरेस्ट नर्सरी डूब गई। परिसर में बना विश्राम गृह के कमरों में पानी भरने लगा। यह देख वहां ठहरे 2 रेंजर आनन-फानन में जान बचाने छत पर चढ़ गए। इसके अलावा नर्सरी परिसर में ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन डूब गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन कर्मचारी पहुंचे और छत पर फंसे दोनों रेंजर को बाहर निकाला।

## जलप्रपात में आवाजाही पर प्रतिबंध

नागपुर चौकी के हाइवे प्रभारी शेष नारायण सिंह का कहना है कि हसदेव नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया है। सुरक्षा के मद्देनजर अमृतधारा जल प्रपात में आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। झरने के आसपास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। पर्यटक दूर से झरने को देख सकते हैं। पार्किंग स्थल से आगे जाने वाले रास्ते को बेरिकेड्स लगाकर बंद किया गया है।

## सोनहत में तेज बारिश से हसदो उफान पर

विकासखंड सोनहत हुई तेज बारिश से खेत खलिहान पानी से भर गए पहले किसानों को पानी की दिक्कत थी अब इतना ज्यादा पानी हो गया कि किसान परेशान हो गए ,इधर हसदो नदी अपने रौद्र रूप में नजर आई सोनहत में तेज बारिश के कारण हसदो का उफान कोरिया से कोरबा तक देखते बना, इधर ज्यादा बारिश होने के बनिया नदी उफान पर आ गई ,तेज बारिश के के कारण बनिया नदी उफान पर रही जिससे रपटा पुल के उपर से पानी का बहाव होने लगा और सोनहत जनपद पंचायत से मनेन्द्रगढ बिहारपुर जनकपुर केल्हारी का अवागमन घंटो ठप्प रहा कई जगहों पर पेड़ गिरने के कारण भी लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## मकान की दीवार गिरी

मनेद्रगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15निवासी शेषमन सेन के घर की दीवार बारिश में गिर गई, जो की अत्यंत ही गरीब व्यक्ति है और अपना और अपने परिवार का जीवन यापन नई का काम करके करता है, प्रशासन इसकी मदद करें।

## लापरवाही के साथ जान जोखिम में डालते दिखे लोग

इस बीच, कुछ वाहन चालकों की लापरवाही भी सामने आ रही है। कई लोग भारी बहाव और गड्ढों के बीच अपनी गाड़ियां निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह पिछ्ले बार भी कुछ स्कूली बच्चे अपनी बाइक और स्कूटी लेकर पानी से भरे पुलों से निकलते देखे गए थे। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# निरीक्षण करने जलभराव क्षेत्र बालको पहुंचे आयुक्त आशुतोष

-संवाददाता-
कोरबा,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सोमवार को सुबह-सुबह स्कूटी पर सवार होकर जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड ढेगुरनाला बालको पहुंचे,उन्होने अधिक वर्षा के दौरान बस्ती में होने वाले जलभराव की समस्या से वहॉ के रहवासियों को निजात दिलाने एवं समस्या के स्थाई समाधान के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, रिंग रोड में नए नाले के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बारिश के दौरान जहॉ-जहॉ पर जलभराव की समस्या पैदा होती है या अतिवर्षा के दौरान जलभराव की संभावना दिख रही है, उन सभी क्षेत्रों में समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में ठोस कार्यवाही करें,ताकि आगामी समय में जलभराव की स्थितियों का सामना आमनागरिकों को न करना पड़े। उन्होने जलभराव से प्रभावित बस्तीवासियों से भेंट-मुलाकात भी की। उल्लेखनीय है कि विगत दिन अधिक वर्षा के दौरान बालको क्षेत्र के शांतिनगर बस्ती में जलभराव की समस्या पैदा हो गई थी,जिसके कारण वहॉ के रहवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था,शांतिनगर बस्ती व रिंग रोड के समीप होने वाले जलभराव की समस्या से स्थाई निजात वहॉ के निवासियों को मिले,इसके मद्देनजर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर उक्त सम्पूर्ण बस्ती व जलभराव होने वाले क्षेत्र का सघन रूप से जायजा लिया, स्कूटी पर सवार होकर उक्त सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण किया एवं समस्या के स्थाई समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने व रिंग रोड में नया नाला निर्माण का प्रस्ताव त्वरित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर स्थित पुराने नाले की सम्पूर्ण सफाई कराने एवं नाले के जलप्रवाह पर सतत नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा के दौरान नाले में कहीं भी जल का प्रवाह बाधित न हों,इस पर सतर्क नजर रखें तथा जहॉ कहीं भी अवरोध होने, जल प्रवाह धीमा होने की स्थिति दिखें तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराएं ताकि जल की निकासी सुगम रूप से होती रहे।



# बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मनेन्द्रगढ़ शाखा का हुआ भव्य शुभारंभ

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया लोकार्पण,बोले ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा सामाजिक विकास की रीढ़



-संवाददाता-
एमसीबी/मनेन्द्रगढ़,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र भारत सरकार का उपक्रम) की मनेन्द्रगढ़ शाखा का आज एनएच 43,नदीपार स्थित परिसर में भव्य शुभारंभ किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे, जिन्होंने विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर शाखा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव,नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा,अंचल प्रबंधक वी. वेंकटेश एवं शाखा प्रबंधक राजेश राणा मंचासीन रहे।



कार्यक्रम के दौरान रायपुर अंचल के उप अंचल प्रबंधक हिमांशु लम्बाते ने मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रामचरित द्विवेदी द्वारा किया गया,जिनके सशक्त संचालन ने पूरे आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में सन्नी खनूजा, राहुल बिकरवार (जोन प्लानिंग ऑफिसर),रोहित वर्मा,राहुल सिंह, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव,विनीत जायसवाल, पंकज जैन संचेती,संजीव ताम्रकार (छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स), रोहन फरमानिया, डॉ. सुरेश तिवारी, डॉ. अविनाश खरे,प्रमोद बंसल, आलोक जायसवाल, अखिलेश मिश्रा सहित नगर पालिका के वार्ड पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें संकल्प मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अंबिकापुर एवं स्टार हेल्थ परिवार द्वारा आमजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। राजेश राणा (शाखा प्रबंधक,मनेन्द्रगढ़ शाखा) एवं वी. वेंकटेश (अंचल प्रबंधक, रायपुर अंचल) ने सभी आगंतुकों व नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे मनेन्द्रगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन बताया।

उद्बोधन में मंत्री श्री जायसवाल ने कहा ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता सामाजिक-आर्थिक विकास की रीढ़ होती है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मनेन्द्रगढ़ शाखा स्थानीय नागरिकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी, जिससे वित्तीय समावेशन को गति मिलेगी।

# कबीर की वाणी को आज घर-घर पहुचाने की आवश्यकता : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

-संवाददाता-
कोरबा,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।




उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण कुमार साव और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन बांकीमोंगरा में आयोजित कबीर प्राकट्य दिवस समारोह में शामिल हुए। वे चौका आरती में शामिल होकर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कबीर ने सत्य का मार्ग दिखाया है। उनकी वाणी दुनिया में आज भी प्रासंगिक है। उनके अनुयायी देश ही नहीं दुनिया भर में है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने आगे कहा कि कबीर की वाणी को, उनके संदेश को घर-घर में पहुचाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के लोगो द्वारा बताए समस्या का निराकरण की बात कही। श्री साव ने कबीर आश्रम बांकी मोंगरा में आश्रम भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

संत कबीर प्राकट्य दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि संत कबीर सर्वव्यापक है। उन्हें दुनिया के लोग मानते हैं। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते में चलना चाहिए। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल,महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत,अध्यक्ष नगर पालिका बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, पूर्व मंत्री ननकीराम कँवर, कलेक्टर अजीत वसंत,एसपी सिद्धार्थ तिवारी, निगमायुक्त आशुतोष पांडेय और समाज के अमरूदास महंत, विष्णुदास महंत आदि उपस्थित थे।

# आपदा टीम के तत्परता से बाढ़ में फंसे 17 ग्रामीणों की बची जान

-संवाददाता-
कोरबा,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले में रविवार की शाम हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को एक ओर जहाँ अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और पोंडी के लब्दापारा में खेती करने गए 17 ग्रामीण अचानक आई बाढ़ के पानी में फंस गए। हालात इतने गंभीर हो गए कि, ग्रामीणों की जान पर बन आई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में राजस्व विभाग, थाना पाली, जिला आपदा प्रबंधन, नगर सेना कोरबा और राज्य आपदा प्रतिक्रिया टीम बिलासपुर की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए रविवार रात को ही रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। लगातार बारिश, अंधकार और तेज बहाव के बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी और लगभग 10 घंटे के संघर्ष के बाद सोमवार तड़के 3 बजे सभी 17 लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया। ग्रामीण अपने आप को सुरक्षित देख राहत की सांस ली । बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर सुकून और शासन के प्रति आभार साफ नजर आ रहा था। बाढ़ के बीच 10 घंटे तक मौत का सामना कर लौटे ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की तत्परता ने उन्हें नया जीवन दिया।

CMYK

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लापरवाही के कारण

# एनएच 43 पर आया हसदेव नदी का पानी

## जिले के कलेक्टर साहब से किसानों सहित अन्य लोगों ने लापरवाह अधिकारियों की सैलरी से मुआवजा दिलाने की कर रहे हैं मांग







## चिरमिरी निगम में क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के टूटने से लगभग एक महीना हो सकता है पानी सप्लाई बाधित

-रवि सिंह-

एमसीबी,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही के कारण एनएच 43 में बाढ़ के कारण हसदेव तट पर सैकड़ो एकड़ रोपित धान एक बड़ा स्कूल वाटर पार्क सही तो वन विभाग की नर्सरी से लगभग 10000 पौधे कुछ पाइप मोटर स्टार्टर सब डूब गए वहीं पी एच इ विभाग का भी लाखों रुपए के पाइप मोटर ट्रांसफार्मर सब डूब गए है। हसदेव नदी पर बने दो दो स्टॉप डेमो का ढक्कन नहीं खोले जाने के कारण पानी का भराव होता गया और उसका प्रभाव एन एच की सड़कों पर देखने को मिला,लोगों को घंटे इंतजार करना पड़ा कुछ इमरजेंसी में जाने वाले लोगों ने तो जान जोखिम में डालकर गाड़ियों की निकास कीया है भ्रष्ट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर एवं एसडीओ की भ्रष्ट कार्यप्रणाली और लापरवाही का परिणाम था कि कल का पूरा दिन एनएच जाम रहा एंबुलेंस खड़ी रही सैकड़ो लोग नदी के इस पार उस पार पानी



कम होने का इंतजार करते देखे गए,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों पर क्या इस लापरवाही के लिए कलेक्टर साहब उन्हें दंडित करेंगे सरकारी नुकसान सहित जो किसानों का एवं व्यवसाइयो का हुआ है उसकी भरपाई इन भ्रष्ट अधिकारियों की वेतन से करवाएंगे?

हसदेव नदी के तट पर बने इंटेक वेल से चिरमिरी शहर को पानी जाता है लेकिन बाढ़ की वजह से पूरी पाइपलाइन टूट गई है मोटर पानी में डूब गए हैं और विद्युत ट्रांसफार्मर भी पानी भर गया है जिसके कारण अब सब मेंटेनेंस करने में महीना लगने की संभावना है इस तरह से गर्मी की दिनों में पानी के किला जय रहे चिरमिरी शहर इन बारिश की दिनों में भी इन अधिकारियों को भ्रष्टकर प्रणाली के कारण पानी का किला झेलना पड़ सकता है अपनी काली कमाई की हमेशा नई-नई जुगत बनाने वाले एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और एसडीओ इंजीनियर मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए निकाल ने का रास्ता बना लिए हैं सूत्रों की यदि मन तो यह सब सुनियोजित तरीके से कराया गया है, पवार नामक इंजीनियर जो अभी प्रभारी एसडीओ बना है काफी शातिर बताया जाता है उसने वहां पर किसी भी कर्मचारी की ड्यूटी ही नहीं लगाई थी और उसे पता था कि यदि डैम का ढक्कन बंद रहेगा तो यह सब फिर से डूबेगा और मेंटेनेंस के नाम पर फिर से कमीशन खोरी की जाएगी। बताया जाता है कि एन एच 43 पर पडने वाले ग्राम लाइ में हसदेव नदी पर का के दो डेम बनाए गए हैं उन डेमो से चिरमिरी नगर निगम सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में पानी पहुंचाया जाना है नियमों के मुताबिक 15 जून के बाद जैसे ही पानी बढ़ने लगता है तो इन स्टाफ डेमो का गेट को खोल दिया जाना चाहिए लेकिन भ्रष्टाचार में मस्त-मस्त विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दिए परिणाम स्वरूप पानी लाखों रुपए का नुकसान एनएच 43 पर यात्रा कर रहे यात्रियों सहित आसपास के ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर डाला है, देर शाम तक लोग अपने गंतव्य स्थान तक जाने के लिए नदी का पानी कम होने तक इंतजार करते देखे गए दोनों तरफ यात्री बसें कारे ट्रक एम्बुलेंस सैकड़ो दुपहिया चालक पानी में भीगते देखे गए और नदी में कहां पानी कम हो इसका इंतजार करते रहे।

### डैम का गेट खोलना तक याद नहीं रहा...

सिर्फ निर्माण और निर्माण कार्य पर भरोसा करने वाले लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लोग अब जनता के जनजीवन के साथ खिलवाड़ करने लगे हैं एक तरफ जहां पूरी गर्मी उनकी लचर कार्य प्रणाली के कारण लोगों को पानी नहीं मिला वहीं अब इन्हीं लोगों के कारण बाढ़ का सामना भी करना पड़ा है आखिर विभाग इतना मदहोश कैसे हो गया कि उन्हें स्टाप डैम का ढक्कन खोलना तक याद नहीं रहा...उक्त स्थान पर उन्हीं के विभाग के द्वारा खरीदी गई करोड़ों की संपत्ति रखी गई है वहां पर चौकीदार भी नहीं था या फिर सिर्फ विभाग निर्माण कार्य पर ही भरोसा करता है और कमीशन खाता है,बहरहाल स्थिति जो भी हो लोक स्वास्थ्य मंत्री विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के कारण बीता शनिवार काल बन करके सामने आया था जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि अभी तो बरसात की शुरुआत है जिले के अन्य स्थानों का भी यही हाल है समय रहते ही इस प्रकार की लापरवाही पुनः ना हो इसकी तैयारी कर लेनी चाहिए ताकि आम जीवन अस्त-व्यस्त ना हो सके और लोगों की हानि का सामना न करना पड़े।

## एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 11 जुलाई को

-संवाददाता-

एमसीबी,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के निर्देशानुसार की जा रही है। यह इंटरव्यू 11 जुलाई 2025 शुक्रवार को दोपहर 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कार्यालय पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवां में आयोजित होगा। आवेदन पूरी तरह से अस्थायी है, जिसका मानदेय और कार्यकाल निर्धारित सत्र या स्थायी भर्ती तक सीमित रहेगा। चयन पूरी तरह से वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा और किसी प्रकार की अपील मान्य नहीं होगी। पोड़ीडीह एवं जमथान स्थित एकलव्य विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्यापन हेतु पीजीटी जीव विज्ञान की 1 पद, पीजीटी रसायन विज्ञान की 1 पद, पीजीटी इतिहास की 1 पद,टीजीटी संगीत की 1 पद,टीजीटी पीईटी पुरुष की 1 पद और टीजीटी काउंसलर की 1 पद के वाक-इन-इंटरव्यू के लिए कुल 6 पदों के लिए उम्मीदवार आमंत्रित किए गए हैं। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान के लिए पीजीटी जीव विज्ञान की 1 पद,पीजीटी रसायन विज्ञान के लिए 1 पद और पीजीटी इतिहास के लिए 1 पद के वाक-इन-इंटरव्यू के लिए कुल 3 पदों के आमंत्रित किया गया है। जिसमें कुल 09 पदों के लिए वाक-इन-इंटरव्यू की प्रक्रिया होगी। अभ्यर्थी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एमसीबी के पटल अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह की वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

## जिले में एसआईएस ग्रुप द्वारा पंजीयन शिविर का होगा आयोजन, युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण के बाद स्थायी रोजगार

-संवाददाता-

एमसीबी,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के तत्वाधान में एसआईएस(इंडिया) लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले के विभिन्न थाना व चौकी परिसरों में पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कमांडेंट,क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र परसवार, अनुपपुर के निर्देशानुसार यह पहल उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थायी रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे जिसमें युवाओं का पंजीयन कर प्रशिक्षणोपरांत SIS ग्रूप में नियोजन किया जाएगा। शिविर की शुरुआत 12 जुलाई 2025 को थाना परिसर चिरमिरी से होगी, इसके बाद 13 जुलाई 2025 को थाना परिसर झगराखांड में, 15 जुलाई 2025 को थाना परिसर जनकपुर में, 16 जुलाई 2025 को चौकी परिसर कुंवारपुर में, 17 जुलाई 2025 को चौकी परिसर खोंगापानी में, 19 जुलाई 2025 को चौकी परिसर कोड़ा, 20 जुलाई 2025 को थाना परिसर खड़गवां में, 21 जुलाई 2025 को थाना परिसर कोटाडोल में, 22 जुलाई 2025 को थाना परिसर केल्हारी में, 23 जुलाई 2025 को थाना परिसर पोड़ी में तथा 25 जुलाई 2025 को थाना परिसर मनेन्द्रगढ़ में शिविर का आयोजित किया जाएगा। एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का लाभ मिल सके।

## छात्र-छात्राओं की अनोखी पहल,एक दिन में जुटाए 844 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक

-संवाददाता-

एमसीबी,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया जिसमें जिले भर के लगभग 15000 छात्र-छात्राओं ने घर-घर से निकलने वाले एकल उपयोगी प्लास्टिक के एकत्रीकरण हेतु व्यापक स्तर पर



भागीदारी की। इस अभिनव पहल में न केवल छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ आगे आए बल्कि उनके अभिभावकों ने भी बच्चों का भरपूर सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बच्चों ने अपने घरों से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन की थैलियां एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उन्हें विद्यालय लाया जहां प्लास्टिक संग्रहण के पश्चात विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने बच्चों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए पर्यावरण प्रदूषण और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से इसके संबंध को समझाया तथा दैनिक जीवन में कपड़े के थैले, दोना-पत्तल जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। छात्रों की इस पहल ने प्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब एक ही दिन में लगभग 15000 बच्चों ने 844 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक एकत्रित कर स्वच्छाग्राहियों को सौंपा और आमजन से प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन एवं इसके उपयोग को त्यागने की अपील की। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है बल्कि जन जागरूकता के क्षेत्र में विद्यार्थियों की सशक्त भूमिका को रेखांकित करता है।

## कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी कर रही लगातार निगरानी

### नगरीय निकायों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश,नागरिकों से सहयोग की अपील





-संवाददाता-

कोरिया,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

लगातार हो रही बारिश के कारण कोरिया जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी स्वयं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और अधिकारियों को त्वरित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दे रही हैं। शिवपुर-चरचा नगर पालिक परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3, 5 एवं 9 में नालियों की सफाई कराई गई है। विशेष रूप से वार्ड 3 में नाली जाम होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही थी, जिसे सफाई कर्मियों द्वारा हटाए जाने के बाद जल निकासी प्रारंभ हो गई है। बैकुंठपुर क्षेत्र में प्रतीक्षा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स में छत,गैलरी और सीढ़ियों पर रखे गए कबाड़ के कारण कई दुकानों में पानी टपकने और विद्युत उपकरणों के खराब होने की शिकायतें मिल रही थीं। नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सारा कबाड़ हटा दिया गया है। नगर पंचायत पटना क्षेत्र में कन्या छात्रावास में जलभराव की स्थिति बनी थी, जिसे तत्काल प्रभाव से साफ कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि जलभराव की सूचना मिलते ही तत्काल पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कचरा न फेंकें, जिससे जल निकासी में बाधा उत्पन्न न हो।

## जिले में जून से अगस्त का राशन उठाव 31 जुलाई तक, खाद्य विभाग ने बढ़ाई समय-सीमा

-संवाददाता-

एमसीबी,07 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



भारत सरकार,उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण की समयावधि में महत्वपूर्ण विस्तार किया गया है। मंत्रालय के पत्र के अनुसार अब जिले के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 तक का चावल 31 जुलाई 2025 तक एकमुश्त उठाने की सुविधा दी गई है। यह निर्णय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित परिवारों के लिए राहतकारी कदम है। वहीं एमसीबी जिला खाद्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। जिले की नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों की सूची में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र की प्रमुख दुकानों में मालवीय नगर महिला विकास बहुउद्देशीय सेवा समिति,शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 711001027 शामिल है जिसके संचालिका सुभाषित और पार्षद श्रीमती रजनी चौहान हैं यह दुकान वार्ड क्रमांक 28 संत कालीदास में स्थित है। वहीं दूसरी दुकान एसईसीएल कर्मचारी उपभोक्ता भंडार, आईडी 711001028 है जिसकी संचालिका सुश्री श्वेता टांडिया हैं और यह वार्ड 34 अहिल्या में स्थित है जहां के पार्षद राहुल भाई हैं। और तीसरी दुकान प्राथमिक सहकारी समिति चिरमिरी आईडी 711001029 है जिसके संचालक प्रतीक लाल हैं और यह वार्ड 4 शास्त्री नगर में संचालित है जहां की पार्षद सुश्री संध्या सोनवानी हैं। खाद्य विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपनी उचित मूल्य की दुकान से चावल प्राप्त कर लें एवं किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### भारत ने इंग्लैंड की 58 साल की बादशाहत की खत्म

**बर्मिंघम,07 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड क्रिकेट टीमों के बीच पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज का दूसरा टेस्ट जीतकर टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया है। भारत ने यह मैच 336 रनों से जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। आज मैच के पांचवें दिन टीम इंडिया को 7 विकेट और इंग्लैंड को 536 रनों की जरूरत थी. भारतीय गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी की और भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराकर जीती सीरीज




**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला टेस्ट तीन दिन के अंदर खत्म करने के बाद दूसरे टेस्ट में भी अपनी जीत की लय जारी रखी और ग्रेनेडा में घरेलू टीम वेस्टइंडीज को 133 रनों से हराया। वेस्टइंडीज के सामने 277 रनों का लक्ष्य रखने के बाद मेहमान टीम ने कैरेबियाई बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर दिया और उन्हें 34.3 ओवर में 143 पर ढेर कर दिया और 133 रनों से मैच जीतकर 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

# शुभमन गिल को अब लेना है बड़ा फैसला

**लॉर्ड्स,07 जुलाई 2025।** भारतीय टीम ने बर्मिंघम टेस्ट जीतकर अब पांच मैचों की सीरीज बराबर कर ली है। हालांकि अभी तीन और मैच बाकी हैं, लेकिन भारत के लिए यही एक बड़ी उपलिब्ध है कि इंग्लैंड जाकर उन्हीं की जमीन पर सीरीज में बराबरी कर ली गई है। दूसरे के बाद अब तीसरे टेस्ट के शुरू होने में ज्यादा वक्त नहीं है। अगला मुकाबला 10 जुलाई से शुरू होगा, जो कि लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इस बीच अगले टेस्ट में कप्तान शुभमन गिल को अपने ही एक दोस्त को टीम से बाहर करना पड़ेगा, क्योंकि प्रदर्शन इतना खराब है कि जीत के बाद भी उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### जसप्रीत बुमराह की जगह आकाश दीप को मिली थी जगह

पहले टेस्ट के बाद दूसरे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को रेस्ट दिया गया था। बुमराह की जगह आकाश दीप आए और वे छा गए। उन्होंने एक ही मैच में साबित कर दिया कि पहले मैच में उन्हें बाहर बिठाकर शुभमन गिल ने गलती की थी। अब तीसरे मैच में जसप्रीत बुमराह की वापसी होने जा रही है। ऐसे में सवाल है कि बाहर कौन जाएगा। जाहिर है कि मोहम्मद सिराज और आकाश दीप तो बाहर जाने से रहे। ऐसे में गाज गिरेगी प्रसिद्ध कृष्णा पर। जो लगातार दो टेस्ट में नाकाम रहे हैं।




### प्रसिद्ध कृष्णा की जगह होगी बुमराह की वापसी

तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इसमें जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी और इस बात की पूरी संभावना है कि प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए। हालांकि शुभमन गिल के लिए ये आसान नहीं होगा,क्योंकि शुभमन और प्रसिद्ध की दोस्ती आईपीएल की है। शुभमन गिल गुजरात टाइटंस के कप्तान हैं और उसी के लिए प्रसिद्ध भी खेलते हैं। इसी साल के टूर्नामेंट में प्रसिद्ध ने सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप जीती थी, लेकिन जब वे टेस्ट के लिए मैदान में उतरे तो उस तरह की सफलता नहीं मिल पा रही है।

### प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों मैचों में खूब लुटाए रन

लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन विकेट जरूर लिए, लेकिन इसके लिए उन्होंने 128 रन खर्च कर दिए। इसके बाद इसी मैच की दूसरी पारी में उन्होंने 92 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। ये बात सही है कि प्रसिद्ध को सफलताएं मिलीं, लेकिन इसके लिए उन्होंने बहुत रन दे दिए। इसके बाद भी कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें टीम से बाहर नहीं किया। दूसरे मैच की पहली पारी में प्रसिद्ध ने 72 रन दिए, लेकिन सफलता एक भी नहीं मिली। दूसरी पारी में उन्हें एक विकेट मिला और रन दिए 39। जब मोहम्मद सिराज और आकाश दीप जैसे गेंदबाज पंजा खोल रहे हों, तक प्रसिद्ध रन पर रन दिए जा रहे थे।

# आकाश आए और ऐसा छाए कि बुमराह से लेकर वसीम अकरम सब रह गए पीछे

### » एजबेस्टन में रचा गया नया इतिहास

**एजबेस्टन,07 जुलाई 2025।** भारतीय टीम ने जब एजबेस्टन टेस्ट मैच में अपनी प्लेइंग 11 का ऐलान किया तो उसमें जसप्रीत बुमराह की जगह पर आकाश दीप को शामिल किया गया था। इस मैच में आकाश ने अपने चयन को प्रदर्शन के दम पर पूरी तरह से सही साबित करने के साथ कुल 10 विकेट हासिल किए। पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेलने उतरे आकाश ने जिस तरह से अपने गेंदबाजी से इंग्लिश बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर किया उसकी तारीफ पूरे वर्ल्ड क्रिकेट में देखने को मिल रही है। आकाश दीप ने एजबेस्टन टेस्ट में एक ऐसा कारनामा भी किया जो अब तक इस मैदान पर खेले गए किसी भी टेस्ट मैच की चौथी पारी में कोई भी मेहमान तेज गेंदबाज करने में कामयाब नहीं हो सका था।



आकाश दीप एजबेस्टन में चौथी पारी में 5 विकेट हॉल लेने वाले पहले मेहमान तेज गेंदबाज

एजबेस्टन टेस्ट मैच में आकाश दीप ने इंग्लैंड टीम की पहली पारी में कुल 4 विकेट हासिल किए थे तो वहीं दूसरी पारी में उनकी गेंदों का कहर और भी ज्यादा देखने को मिला जिसमें वह कुल 6 विकेट लेने में कामयाब रहे। आकाश दीप इसी के साथ एजबेस्टन के मैदान पर टेस्ट मैच की चौथी पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले मेहमान गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले इस मैदान पर मेहमान तेज गेंदबाज के रूप में सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड पैट कमिंस के नाम पर था, जिन्होंने साल 2019 में यहां पर मुकाबला खेलते हुए चौथी पारी में 32 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे।

### एजबेस्टन में विदेशी तेज गेंदबाज के रूप में टेस्ट की चौथी पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

आकाश दीप - 99 रन देकर 6 विकेट (साल 2025)
पैट कमिंस - 32 रन देकर 4 विकेट (साल 2019)
क्लाइव लॉयड - 26 रन देकर 2 विकेट (साल 1973)
वसीम अकरम - 41 रन देकर 2 विकेट (साल 1987)
वेंकटेश प्रसाद - 50 रन देकर 2 विकेट (साल 1996)
इमरान खान - 61 रन देकर 2 विकेट (साल 1987)
जेफ एलॉट - 71 रन देकर 2 विकेट (साल 1999)
जसप्रीत बुमराह - 74 रन देकर 2 विकेट (साल 2022)

### आकाश दीप ने 49 साल पुराना माइकल होल्डिंग का कारनामा दोहराया

इंग्लैंड के खिलाफ आकाश दीप ने एजबेस्टन टेस्ट मैच में कुल 187 रन देने के साथ 10 विकेट हासिल किए। वहीं इसी के साथ उन्होंने 49 साल पुराने माइकल होल्डिंग के एक कारनामे को भी दोहराया। आकाश दीप ने इस मैच में इंग्लैंड की चौथी पारी में उनके टॉप-5 बल्लेबाजों में से चार को अपना शिकार बनाया। इससे पहले सिर्फ ये कारनामा साल 1976 में माइकल होल्डिंग ने किया था।

## भारतीय एथलीट्स ने रचा इतिहास

### अनिमेष कुजूर और मोहम्मद अफसल ने ट्रैक एंड फील्ड में तोड़ा नेशनल रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,07 जुलाई 2025।** भारतीय एथलेटिक्स के प्रशंसकों को शानदार खबर मिली, जब भारत के दो धावक (रेसर) अनिमेष कुजूर और मोहम्मद अफसल ने शानदार प्रदर्शन किया. अफसल ने ग्रीस में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिले मीटिंग में 10.18 सेकंड के शानदार समय के साथ 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया, जबकि अफसल ने भी अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किया।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अफसल ने पोलैंड में मेमोरियल चेस्लावा साइ बुलस्कीगो में पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:44.96 मिनट का समय निकाला. वह 1:45 मिनट से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय भी बन गए। 22 वर्षीय कुजूर 100 मीटर स्पर्धा की दूसरी हीट में दौड़ते हुए 10.20 सेकंड से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय बन गए. इस समय के साथ उन्होंने ग्रीक राजधानी एथेंस के उपनगर वारी में मीट में 100 मीटर की दौड़ का 10.20 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। ग्रीस के सोटिरियोस गारगैनिस (10.23 सेकंड) और सैमुली सैमुएलसन (10.28 सेकंड) विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर लेबल मीट में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. कुजूर के पास अब 100 मीटर और 200 मीटर दोनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं।

# वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़ रचा इतिहास



### » ऐसा करने वाले दुनिया के पहले कप्तान बने

**इंडोनेशिया,07 जुलाई 2025।** जहां एक ओर भारतीय टीम का कप्तान बनते ही शुभमन गिल ने बल्ले से कहर बरपा दिया है, वहीं दूसरी ओर साउथ अफ्रीका के नए कप्तान वियान मुल्डर ने भी नया इतिहास रचने का काम किया है। हालांकि वे परमानेंट कप्तान तो नहीं हैं, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने जो पारी खेली है, उसने कई सारे कीर्तिमान तोड़ने का काम किया है। जब पूरी टीम ने मिलकर 500 से कुछ अधिक स्कोर बनाया था, तब अकेले वियान मुल्डर 300 रन पूरे कर चुके थे। साउथ अफ्रीका के टेस्ट इतिहास में केवल एक ही बार ऐसा हुआ था, जब किसी बल्लेबाज ने तिहरा शतक लगाया हो, अब वियान मुल्डर के रूप में टीम को दूसरा तिहरा शतक लगाने वाला बल्लेबाज मिल गया है।

साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला साउथ अफ्रीका ने अपने नाम किया था। इस सीरीज के दूसरे मैच के लिए वियान मुल्डर को साउथ अफ्रीका ने अपना कप्तान बनाया है। दूसरे टेस्ट में वियान ने शानदार तिहरा शतक लगा दिया है। कप्तान के तौर पर बहुत कम बल्लेबाज ऐसे हुए हैं, जिन्होंने तिहरा शतक लगाया है। साउथ अफ्रीका के लिए वे ऐसा करने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। इससे पहले साल 2012 में द ओवल में हाशिम अमला ने तिहरा शतक लगाया था, लेकिन वे कप्तान नहीं थे। वियान ने कप्तान के तौर पर तिहरा शतक लगाने का काम किया है। अब मुल्डर साउथ अफ्रीका के लिए टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन हैं। हाशिम अमला ने 311 रन बनाए थे,अब मुल्डर उनसे आगे निकल गए हैं।

### वियान मुल्डर ने टेस्ट में लगाया सबसे तेज तिहरा शतक

वियान मुल्डर ने दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक लगाने का काम किया है। इस बीच भारत के वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड बाल बाल बच गया। वीरेंद्र सहवाग ने साल 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ केवल 278 बॉल पर तिहरा शतक लगाया था, अब वियान मुल्डर की बात करें तो उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 297 बॉल पर तिहरा शतक पूरा कर लिया है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैरी ब्रूक हैं, जिन्होंने साल 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ 310 बॉल पर तिहरा शतक लगाया था।

वियान मुल्डर अपनी कप्तानी के डेब्यू में ही तिहरा शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सीरीज के पिछले मैच में साउथ अफ्रीका की कप्तानी केशव महाराज कर रहे थे, लेकिन दूसरे मैच से पहले वे चोटिल हो गए और इसके बाद वियान मुल्डर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके का फायदा मुल्डर ने ठीक से उठाया और जो काम आज तक दुनिया का कोई भी कप्तान नहीं कर पाया, वो काम मुल्डर ने कर दिखाया है।




## पंचायत सीजन 5 रिलीज

पंचायत सीजन 4 की धूम मची हुई है। पिछले तीन सीजन की जबरदस्त सफलता को दोहराते हुए बीते 24 जून को रिलीज चौथे सीजन ने रिकॉर्ड ओपनिंग दर्ज की है। फुलेरा में हुए इस बार के पंचायत चुनाव और उसके नतीजों ने हर दर्शक में नए सीजन के लिए उत्सुकता बढ़ा दी है। एक ओर जहां,पंचायत सीजन 4 ने प्राइम वीडियो पर अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूएई जैसे 42 देशों में टॉप-10 टाइटल्स में जगह बनाई है,वहीं मेकर्स ने अगले सीजन की रिलीज को लेकर ऐलान कर दिया है। सोमवार,7 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने घोषणा कर दी है कि पंचायत सीजन 5 अगले साल 2026 में रिलीज किया जाएगा। शो का एक पोस्टर शेयर किया गया,जिस पर 2026 की रिलीज लिखी गई है। इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा गया है, हाय 5,फुलेरा वापस आने की तैयारी शुरू कर लीजिए...पंचायत का नया सीजन जल्द ही।

# टी20 सीरीज के लिए हुआ स्क्वॉयड का ऐलान

## एक साल बाद हुई पूर्व कप्तान की टीम में वापसी

**कोलंबो,07 जुलाई 2025।** बांग्लादेश की टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर है, जहां 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद अभी मेजबान टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 8 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं इस सीरीज के खत्म होने के बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी,जिसको लेकर श्रीलंका क्रिकेट की तरफ से स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है, जिसमें लगभग एक साल के बाद पूर्व कप्तान दसुन शनाका की स्क्वाड में वापसी हुई है।

### शनाका के अलावा इस प्लेयर की भी हुई श्रीलंका टीम में वापसी

तीन मैचों की टी20 सीरीज में श्रीलंका की टीम चरिथ असलंका की कप्तानी में खेलते हुए नजर आएगी। इस स्क्वाड में दसुन शनाका के साथ एक और खिलाड़ी की वापसी हुई है। शनाका ने श्रीलंका की तरफ से अपना पिछला मुकाबला साल 2024 जुलाई के महीने में खेला था। वहीं इसके अलावा चमिका करुणारत्ने की भी वापसी हुई है। वहीं भानुका राजपक्षे को इस टीम में जगह नहीं मिली है, जिनका न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में कोई खास प्रदर्शन बल्ले से देखने को नहीं मिला था और वह 2 मैचों में सिर्फ 14 रन बनाने में कामयाब हो सके थे। राजपक्षे ने आखिरी बार टी20 इंटरनेशनल में बड़ी पारी साल 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में खेली थी।



### बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम

चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चंदीमल,कुसल परेरा, कामिंदु मेंडिस,अविष्का फर्नांडो, दसुन शनाका,दुनिथ वेल्लागे, वानिंदु हसरंगा,महेश तीक्ष्णा,जेफरी वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने,मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा,बिनउरा फर्नांडो, ईशान मलिंगा।

### इन तीन स्टेडियम में खेले जाएंगे टी20 सीरीज के मुकाबले

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के शेड्यूल को लेकर बात की जाए तो उसमें पहला मुकाबला 10 जुलाई को पल्लेकेले के स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं 13 जुलाई को दांबुला के मैदान पर सीरीज का दूसरा मैच होगा। जबकि सीरीज का आखिरी मुकाबला 16 जुलाई को कोलंबो के मैदान पर खेला जाएगा।

## रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा का दिया साथ! दीपिका के 8 घंटे शिफ्ट विवाद पर बोलीं- मैं 12 घंटे काम करूंगी

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में लंबी शिफ्ट को लेकर तबसे ही चर्चा हो रही है, जबसे ये खबर सामने आई थी कि दीपिका पादुकोण ने डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा से स्पिरिट में काम करने के लिए 8 घंटे की शिफ्ट की शर्त रखी थी। एक्ट्रेस को फिल्म से निकाल दिया गया। इसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया। कई स्टार्स इसको लेकर रिएक्ट कर चुके हैं। अब साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा है कि वो लंबे समय तक शूटिंग के लिए तैयार हैं।रश्मिका मंदाना ने मोजो स्टोरी को दिए इंटरव्यू में कहा, आज पूरा देश फ्लेक्सिबल घंटे को लेकर डिबेट कर रहा है। लेकिन ये टीमों के बीच में डिस्कशन का विषय है कि उनके लिए क्या चीज काम करती है। ये उनकी पर्सनल च्वॉइस है। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम के अंदर आपसी समझ बहुत जरूरी है।



### साउथ और बॉलीवुड में काम के अलग-अलग घंटे!

संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल फिल्म में काम कर चुकीं रश्मिका ने आगे कहा,मैं कई इंडस्ट्री में काम करती हूं। जैसे साउथ, तेलुगू,कन्नड़ या तमिल। यहां हम सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक काम करते हैं। हिंदी में ये सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक की शिफ्ट है। मैं दोनों के लिए तैयार हूं,क्योंकि मेरी फिल्म की यही जरूरत है।

### घर जाए बिना 2-3 दिन लगातार काम

हालांकि,उन्होंने आगे कहा, कुछ फिल्में आप सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक शुरू कर सकते हैं,लेकिन वे अगले दिन तक चलती हैं। इसलिए आप 36 घंटे काम कर रहे हैं। इससे भी बदतर स्थिति तब होती है,जब आप घर जाए बिना 2-3 दिन काम करते हैं।

### दीपिका पादुकोण-संदीप रेड्डी वांगा स्पिरिट विवाद

दीपिका ने रणवीर सिंह से शादी के 6 साल बाद 8 सितंबर 2024 को बेटी को जन्म दिया था। उसका नाम दुआ रखा है। यही वजह है कि वो काम और बेटी की परवरिश के बीच संतुलन बैठाना चाहती हैं। इसीलिए उन्होंने संदीप की स्पिरिट फिल्म में काम करने के लिए कुछ शर्त रखी थीं। इनमें से एक थी-8 घंटे काम करने की शिफ्ट। इसे संदीप ने रिजेक्ट कर दिया। ऊपर से एक्स पर उनके खिलाफ अनप्रोफेशनल होने और कहानी लीक करने का भी आरोप मढ़ दिया था। बाद में दीपिका की जगह तृप्ति डिमरी को कास्ट कर लिया।




## पृथ्वीराज-काजोल और इब्राहिम अली खान की सरजमीन का ट्रेलर रिलीज

सरजमीन का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है और इसने देशभक्ति, धोखा और एक टूटे हुए परिवार की अपनी पावरफुल कहानी के साथ सोशल मीडिया पर तलहका मचा दिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन, इब्राहिम अली खान और काजोल स्टारर यह फिल्म एक ऐसी कहानी है जिसमें फैमिली के प्यार और देशप्रेम के बीच जंग दिखाई गई है.ट्रेलर की शुरुआत पृथ्वीराज से होती है जो देश के प्रति कर्तव्यों के लिए समर्पित है और कभी किसी चीज से समझौता नहीं करता. दूसरी ओर, उनकी पत्नी काजोल अपने बेटे हरमन को बहुत ज्यादा चाहती है। पृथ्वीराज बहुत सख्त पिता हैं जो उनके बेटे को पसंद नहीं है। इब्राहिम अली खान उनके बेटे की भूमिका निभा रहे हैं और आतंकवादी बन जाते हैं। यह पूरी कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते के इर्द गिर्द घूमती है जिसमें बीच में संघर्ष करती हुई दिखाई देती है। फैंस को ट्रेलर और इब्राहिम का लुक बहुत पसंद आ रहा है।

CMYK

# सभा में खड़गे ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला...

## किसान-जवान-संविधान सभा : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा...दो टांग पर चल रहे मोदी,एक नीतीश बाबू,दूसरा टीडीपी...

» अमित शाह के बार-बार छत्तीसगढ़ आने पर उठाया सवाल...क्या यहां उनका घर है या ससुराल ?



**रायपुर,07 जुलाई 2025(ए)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रायपुर के साइंस कॉलेज में आयोजित किसान-जवान-संविधान सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा,रायपुर में मेरी अध्यक्षता में महाधिवेशन हुआ था,जब भूपेश बघेल सीएम थे। रायपुर से सामाजिक न्याय का जो नारा बुलंद हुआ उसने 2024 में मोदी सरकार के अहंकार को तोड़ दिया। बीजेपी ऐसे हालात में है कि खुद की सरकार भी नहीं बना सकी। मोदीजी सिर्फ दो टांग लेकर चल रहे हैं,एक टांग नीतीश बाबू और एक टांग टीडीपी है। एक ने भी लात मार दी तो मोदीजी हार जाएंगे। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने सभा में पहुंचे लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतनी बारिश में आपका यहां आना यह बताता है कि आप हमारे साथ हैं। आप सभी साथ हैं तो हमें कोई नहीं हरा सकता। खरगे ने कहा, मोदी ने छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन को तबाह करने का काम किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लेकर उन्होंने कहा,शाह को यहां बार-बार क्यों आना,क्या उनका घर है या ससुराल है ? यहां के मुख्यमंत्री को तो बैठो कहने पर बैठ जाते हैं, उठो बोलो तो उठ जाते हैं। इतना अपमान सह रहे हैं, लेकिन पद नहीं छोड़ रहे।

### झूठों के सरदार हैं भाजपा सरकार

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा,भाजपा सरकार ने हमारे छत्तीसगढ़ के जवानों और किसानों को धोखा दिया,क्योंकि ये झूठ बोलते हैं। ये लोग कैसे जीत जाते हैं समझ नहीं आता। ये इतना झूठ बोलते हैं इसीलिए मैं कहता हूं कि ये झूठों के सरदार हैं। ये लोग डबल इंजन की बात करते हैं,ये कैसा डबल इंजन हैं। एक छोटा और एक बड़ा है तो गाड़ी कैसे चलेगी। जो गुलामगिरी करते हैं वही लोग ये सब करते हैं। खरगे ने कहा,भाजपा के लोग ऐसा क्या कर रहे हैं कि 2025-26 में इन्होंने 47 हजार करोड़ कर्ज लिया। हमारे जमाने में एक रुपए भी कर्ज बढ़ता था तो लोग रास्ते पर आते थे. कहां है वो लोग,अब क्यों नहीं आते। 11 सालों में जो काम इन्हें ठीक से करना था वो नहीं किया। अब फिर प्रदेश का कर्ज बढ़ा रहे।

### मीटिंग में नहीं आते प्रधानमंत्री,ये शर्म की बात

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव की स्थिति को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे ने आक्रोश भरी आवाज में कहा,दो बार मीटिंग हुई, दूसरी बार भी प्रधानमंत्री मोदी मीटिंग में नहीं आए। ये शर्मनाक है. देश के लोगों की बेइज्जती है। बार-बार बुलाने के बाद भी पीएम नहीं आते। ये शर्म की बात है। अंत में खरगे ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के नारों के साथ अपना भाषण खत्म किया. इस दौरान सभा स्थल नारों से गूंज उठी।

### पानी से भरे मैदान में कांग्रेस नेताओं का भाषण सुनने डटे रहे लोग

मल्लिकार्जुन खरगे ने बारिश के बीच किसान-जवान-संविधान जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें सुनने पहुंची जनता भी काफी उत्सुक नजर आई. लोग पानी से भरे मैदान में कांग्रेस नेताओं का भाषण सुनने डटे रहे। कोई रेनकोट पहनकर तो कोई छतरी पकड़कर सभा स्थल तक पहुंचे थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची थीं।

### भूपेश बघेल ने कहा...किसानों को खाद नहीं दे पा रही सरकार

किसान जवान संविधान सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा,स्कूल खुल गए लेकिन बच्चों को कॉपी किताब नहीं मिल पाए। आज देश और प्रदेश के किसान को एक बोरी भी खाद नहीं मिल रहा है. मोदी जी दुनिया घूम रहे है, लेकिन किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नहीं करा पा रहे। हमारे किसानों के साथ षड्यंत्र कर रहे हैं। नकली खाद दे रहे हैं. उन्होंने कहा,अगले साल 21 क्विंटल धान की खरीदी नहीं हो सकेगा।भूपेश बघेल ने कहा, बस्तर में 35-40 हजार युवक नक्सलियों के नाम पर बस्तर छोड़ने को तैयार हैं। जब पहलगाम की घटना हुई तब राहुल और खरगे जी देश के लिए खड़े हो गए। राहुल और खरगे जी ने कहा, हम देश के लिए सरकार के साथ हैं,लेकिन दुर्भाग्य हमारे प्रधानमंत्री जी का कि चुनाव प्रचार के लिए बिहार चले गए. आज देश के सभी लोग एक साथ हैं,इसका पूरा श्रेय मल्लिकार्जुन खरगे को जाता है।

### किसान-जवान-संविधान' सभा में नाराज़ हुए खड़गे

#### नारेबाजी के बीच एनएसयू कार्यकर्ताओं को लगाई फटकार

राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस ने 'किसान-जवान-संविधान' जनसभा का आयोजन किया। आयोजन में प्रदेशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। संबोधन के बीच राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एनएसयू कार्यकर्ताओं को फटकार लाग दी। उद्बोधन के बीच एनएसयू कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तो खड़गे ने मंच से कहा, चुप बैठो,चुनाव में जोश दिखाना।

### कांग्रेस नेता ने खरगे को बताया डॉ अम्बेडकर का दूसरा अवतार

मल्लिकार्जुन खरगे को लेकर कांग्रेस के दिग्गज आदिवासी नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत सिंह भगत का बड़ा सामने आया है। उन्होंने पीसीसी चीफ खरगे की तुलना संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर से की है। अमरजीत सिंह आज रायपुर में प्रस्तावित किसान जवान संविधान जनसभा को लेकर कहा कि, मल्लिकार्जुन खरगे अंबेडकर के दूसरे अवतार बनकर छत्तीसगढ़ आ रहे है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में जंगल उजड़ रहे, किसान त्राहिमाम कर रहा है। स्कूलों में शिक्षक नहीं है, शिक्षा व्यवस्था गर्त में जा रही। ऐसे में जब संविधान पर खतरा मंडरा रहा है तब खड़गे अंबेडकर के दूसरे अवतार बनकर छग आ रहे है। वे दबे, कुचले, शोषित की आवाज बनकर छत्तीसगढ़ आ रहे है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### ईओडब्ल्यू ने 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ 2300 पन्नों का चालान किया पेश



**रायपुर,07 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया है। यह कार्रवाई घोटाले में शामिल अधिकारियों पर शिकंजा कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नवा रायपुर में होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर रोक



नई कमर्शियल हब योजना पर विचार

**रायपुर,07 जुलाई 2025(ए)।** नवा रायपुर अटल नगर में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर' योजना को फिलहाल रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना को रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से एक आधुनिक कमर्शियल हब विकसित करने की योजना पर मंथन किया जा रहा है।

### ट्रक ने स्कूटी सवार पति-पत्नी को कुचला



**भिलाई नगर,07 जुलाई 2025(ए)।** बीती रात करीब 10:00 बजे फोरलेन पर पावर हाउस ओवर ब्रिज के पास एक दुखद सड़क हादसे में नवदंपति की मौत हो गई। कोहका निवासी मुकेश कुर्रे (28 वर्ष) और उनकी पत्नी कमलेश्वरी कुर्रे (26 वर्ष) स्कूटी पर सवार होकर अपनी मौसी के घर से कोहका अपने घर लौट रहे थे। तभी रायपुर से दुर्ग की ओर जा रही एक ट्रक ने ओवर ब्रिज नाला के समीप, आईटीआई के पास उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी और उन्हें कुचलते हुए फरार हो गया। इस हादसे में नवदंपति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## बिल्डर पर लगा अवैध तरीके से जमीन बेचने का आरोप

» रामा वैली में सरकारी तालाब बिका

» बिल्डर ने बेची करोड़ों की जमीन,प्रशासन भी घेरे में...




**बिलासपुर,07 जुलाई 2025(ए)।** रायपुर रोड स्थित रामा वैली रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाए । उन्होंने बताया कि बिल्डर ने सरकारी जमीन पर करोड़ों की हेराफेरी की है जिसमें एक 14 एकड़ का तालाब भी शामिल है। सोसाइटी के सचिव पी वी आर नायडू उपाध्यक्ष सी पी शर्मा मनोज गर्ग और शोभन दत्ता ने बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में कॉलोनी के विकास और निर्माण में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने पूरी कॉलोनी का सीमांकन कराने की अपील की ताकि सभी गड़बड़ियां सामने आ सकें। इस मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बिल्डर प्रकाश ग्वालानी ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के स्वीकृत नक्शे के खिलाफ कई गड़बड़ियां की हैं। उन्होंने बताया कि कॉलोनी के ग्रीन लैंड में व्यावसायिक परिसर बना दिए गए और व्यावसायिक परिसर की जगह को बेच दिया गया। कोटवार को आवंटित शासकीय भूमि 0.943 एकड़ बैंक में बंधक रखी गई है जिसमें से 19200 वर्ग फुट भूमि बिल्डर ने अपने नाम दर्ज करवा ली है। कॉलोनी के मध्य 57285 वर्ग फुट में से लगभग 37000 वर्ग फुट ग्रीन लैंड पार्क की भूमि पर अवैध व्यावसायिक परिसर और पार्किंग बनाकर बेच दी गई है। इसके अलावा 32646 वर्ग फुट ग्रीन लैंड पार्क की भूमि में से करीब 12000 वर्ग फुट पर अवैध क्लब का निर्माण कर दिया गया है। सबसे बड़ा आरोप खसरा नंबर 55 जिसका रकबा 1.007 हेक्टेयर और खसरा नंबर 56 जिसका रकबा 4.684 हेक्टेयर है इन दोनों सरकारी भूमि और सरकारी तालाब कुल 5.691 हेक्टेयर लगभग 14.063 एकड़ को बिल्डर ने फर्जी दस्तावेजों बना कर बेच दिया है। सोसाइटी ने इस संबंध में कलेक्टर निगम आयुक्त एस डी एम तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की थी। निगम आयुक्त ने एक जांच कमेटी भी बनाई थी लेकिन उसकी रिपोर्ट शिकायतकर्ताओं को नहीं दी गई। बाद में मिली जानकारी में सामने आया कि राजस्व मामले की जांच की ही नहीं गई और उल्टा शिकायतकर्ताओं को ही गलत ठहराया जा रहा है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दो सोसाइटी के बीच का आपसी विवाद है जिससे कॉलोनाइजर का कोई लेना देना नहीं। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने इन आरोपों का खंडन किया और स्पष्ट किया कि यह कोई निजी मामला नहीं बल्कि शासकीय जमीन की हेराफेरी का गंभीर प्रकरण है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने बिल्डर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि जो शॉपिंग मॉल बनाया गया है उसमें दुकानों को फावड़ा गैती और फिनायल रखने की जगह बताया जा रहा है जबकि भौतिक स्थिति बिल्कुल अलग है। यह पूरा मामला बिल्डर की मनमानी और प्रशासन की कथित उदासीनता को उजागर करता है जिससे रामा वैली के निवासियों में गहरा रोष है। क्या प्रशासन इस बड़े घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा यह देखना बाकी है।

### साय कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई को



**रायपुर,07 जुलाई 2025(ए)।** सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 जुलाई 2025 को सवेरे 11.30 बजे से राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन ) में आयोजित होगी। बता दें कि विधानसभा का आगामी मानसून सत्र सियासी हलचल और तीखी बहसों से भरा रहने वाला है। 14 जुलाई से शुरू होने जा रहे पांच दिवसीय सत्र के लिए अब तक विधायकों ने करीब एक हजार सवाल लगाए हैं। खास बात यह है कि इन सवालों में सिर्फ विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष के विधायक भी सरकार से जवाब मांग रहे हैं।

## धान को सुरक्षित नहीं रख पाया विपणन विभाग

» भीगने से 4 लाख क्विंटल धान हुआ अंकुरित

» जिम्मेदार अफसरों कर्मचारियों पर कार्रवाई की विधायक ने की मांग...



**जांजगीर चांपा,07 जुलाई 2025 (ए)।** जिले में लगातार बारिश के चलते अमरताल गांव के धान संग्रहण केंद्र में पानी भर गया है।सप्ताहभर से हो रही बारिश से शासन का 4 लाख क्विंटल धान पानी में भीगकर अंकुरित हो गया है और अब सड़ने भी लगा है। धान की सुरक्षा करने में विपणन विभाग करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी यहां धान कों सुरक्षित नहीं रखा जा सका है। विधायक ब्यास कश्यप ने शासन-प्रशासन पर किसानों के मेहनत की गाढ़ी कमाई को सहेज नहीं पाने का आरोप लगाया है( उन्होंने जिम्मेदारी अफसरङ्ककर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### विधायक ने सरकार को लिया आड़े हाथ

इस मामले में जांजगीर चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप ने कहा, राज्य सरकार ने किसानों के धान को 3100 रुपए में खरीदी की वाहवाही लूटने का प्रयास किया, लेकिन डबल इंजन और चौबल इंजन सरकार होने का दावा करने वाले बीजेपी सरकार ने जानबूझ कर धान को सड़ाया है। उन्होंने धान को औने-पौने कीमत पर नीलामी कर किसानों के रबी फसल के धान की कीमत को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। विधायक ब्यास कश्यप ने इस मामले में दोषी अधिकारी- कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### संग्रहण प्रभारी गलती छिपाने खराब धान को दूसरी बोरी में डाल रहे

जांजगीर चांपा जिले में 63 लाख 27 हजार क्विंटल धान खरीदी की गई है और मिलिंग के बाद बचे धान को अमरताल गांव के संग्रहण केंद्र में रखा गया है। धान खरीदी होने के 5 माह गुजरने के बाद भी यहां रखे धान की मिलिंग नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारियों और धान संग्रहण के अमले की लापरवाही के कारण अधिकांश धान खुले आसमान में रखा गया और अब बरसात में भी धान को सुरक्षित नहीं रख पाए, जिसके कारण धान-पानी में पूरी तरह डूब गया और अंकुरित होने लगा है। संग्रहण प्रभारी अपनी गलती को छिपाने के लिए आनन-फानन में अंकुरित और खराब धान को दूसरी बोरी में पल्टी करने में लगे हैं।

## पेड़ से टकराया 20 यात्रियों से भरा वाहन,3 महिलाओं की मौत



**बिलासपुर,07 जुलाई 2025 (ए)।** मध्यप्रदेश में तेज रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। इसी बीच एक और दर्दनाक हादसा हो गया, जहां 'अयोध्या राम मंदिर' से दर्शन कर छत्तीसगढ़ लौट रहे श्रद्धालुओं का एक्सीडेंट हो गया। भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। 4 लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे हुई। जानकारी के मुताबिक,शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरा में तूफान वाहन पेड़ से टकरा गया,जिससे वाहन में सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी श्रद्धालु एक ही परिवार से हैं। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित राम मंदिर दर्शन कर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान वाहन ब्यौहारी थाना अंतर्गत ग्राम जोरा में रोड के किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गया।

### नगर निगम के सभापति को हत्या की मिली धमकी

**भिलाई,07 जुलाई 2025(ए)।** दुर्ग से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां नगर निगम सभापति को जान से मारने की धमकी मिली है। इतनी ही नहीं उनकी कार को रौंदने की भी कोशिश की गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वहीं समर्थकों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि, दुर्ग नगर निगम सभापति श्याम शर्मा को जान से मारने की धमकी दी गई है। बताया गया कि, घटना घर के बाहर खड़ी दो पहिया वाहन को लेकर हुए विवाद के बाद हुई है, जिसमें अधिवक्ता नीरज चौबे पर आरोप लगाया गया है। वहीं सभापति श्याम शर्मा और उनके समर्थकों ने देर रात तक थाने में आरोपी के खिलाफ स्नढ्ढक्रकरने की मांग की है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।


## मुठभेड़ में पीएलजीए डिप्टी कमांडर ढेर

» हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद



**बीजापुर,07 जुलाई 2025(ए)।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में पीएलजीए बटालियन नंबर 01 की कंपनी नंबर 02 के डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना मारा गया। इस ऑपरेशन में 8 लाख रुपये के इनामी माओवादी का शव हथियारों सहित बरामद किया गया। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सल संबंधी अन्य सामान भी जब्त किया गया है। सुरक्षा बलों ने इस कार्रवाई को माओवादी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताया है। मुठभेड़ स्थल से बरामद सामग्री में क .303 रायफल और 5 जीवित राउंड, एके-47 का मैगजीन जिसमें 59 जीवित राउंड थे, एक जोड़ी माओवादी वर्दी,कोडेक्स वायर,सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर,नक्सली पिट्ठू,नक्सली साहित्य,रेडियो और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त किया है। पुलिस का कहना है कि यह ऑपरेशन माओवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है, और इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## मास्टरमाइंड सौरभ आहूजा को ईडी ने दिल्ली से किया गिरफ्तार



**रायपुर/नई दिल्ली,07 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा ऐप घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपी सौरभ आहूजा को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की रायपुर टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि महादेव सट्टा सिंडिकेट का मास्टरमाइंड सौरभ आहूजा जयपुर के फेयरमाउंट होटल में अपनी शादी के आयोजन में शामिल है। इस सूचना के आधार पर ईडी ने त्वरित कार्रवाई की।

## ड्राइवर की लापरवाही से कोयला लोड ट्रक नाले में बहा



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही,07 जुलाई 2025(ए)।** लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर है. तेज बहाव में पुल पार करना ट्रक ड्राइवर को महंगा पड़ गया। ड्राइवर गाड़ी समेत पुल से नीचे जा गिरा. ट्रक में लोड कोयला पानी में बह गया। वहीं जेसीबी की मदद से ड्राइवर का रेस्क्यू किया गया। पिछले 4 5 दिनों से बिलासपुर संभाग के अधिकांश इलाकों में लगातार भारी बारिश हो रही. इसके चलते जनजीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से पहाड़ी क्षेत्रों में नदी-नाले उफान पर हैं. बारिश से बिलासपुर से जबलपुर सड़क निर्माण कार्य के कारण लोगों को आने-जाने में समस्या हो रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)